रोहतक, शनिवार, 1 नवंबर 2025
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष,
एकादशी वर्ष : 29, अंक : 272
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 31.7
न्यून. 16.5


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




7 भगवान पर आस्था से उबरने में मदद मिली


हरियाणा सरकार

11 साल घणा कमाल
11 साल, तरक्की बेमिसाल

"हरियाणा के अपने सभी परिवारजनों को राज्य के स्थापना दिवस पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। इस प्रदेश ने हमेशा ही कृषि और रक्षा जैसे बड़े क्षेत्रों में देश को महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यहां के युवा इनोवेशन की दुनिया में भी अपना परचम लहरा रहे हैं। मेरी कामना है कि विकास के हर मानदंड पर यह राज्य नए-नए कीर्तिमान गढ़ता रहे।"

- नरेन्द्र मोदी





हरियाणावासियों को
हरियाणा दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
1 नवम्बर, 2025

इस अवसर पर

तीन दिवसीय सांस्कृतिक बेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन

दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना
₹ 2100
की पहली किस्त होगी जारी

मुख्य अतिथि
प्रोफेसर असीम कुमार घोष
माननीय राज्यपाल, हरियाणा

गरिमामयी उपस्थिति
श्री नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

1 नवम्बर, 2025 | प्रात: 10:00 बजे | यवनिका गार्डन, सैक्टर-5, पंचकूला



आप सभी सादर आमंत्रित हैं

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा के WhatsApp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipprharyana

हरियाणा सरकार

धरम हेत साका जिनि कीआ ॥
सीसु दीआ परु सिररु न दीआ ॥



# बलिदान, शांति और मानवता के प्रतीक
# श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस
## 25 नवम्बर, 2025

"मैं श्री गुरु तेग बहादुर जी को उनके शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उनके साहस और सिद्धांतों के साथ-साथ आदर्शों के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता के लिए पूरी दुनिया में उनकी प्रशंसा की जाती है। उन्होंने अत्याचार और अन्याय के सामने झुकने से इनकार कर दिया। उनकी शिक्षाएँ हमें आज भी प्रेरित करती हैं।"

- नरेन्द्र मोदी



# गुरु साहिब जी की स्मृति में हरियाणा सरकार द्वारा राज्य भर में कार्यक्रमों का आयोजन
## ( 1 से 25 नवम्बर, 2025 )

### गुरु साहिब जी के आदर्शों से प्रेरित पूरे राज्य में होंगे विशेष कार्यक्रम

**1-25 नवम्बर, 2025**
- 1 नवम्बर को **मेगा रक्तदान शिविर**
- 2 से 25 नवम्बर तक **350 अन्य रक्तदान शिविरों** का आयोजन

**3 नवम्बर, 2025**
- विद्यालयों में निबंध प्रतियोगिता व **'सुनो कहानी गुरु तेग बहादुर जी की'** कार्यक्रम

**8 नवम्बर, 2025**
- रोड़ी ( सिरसा ) से **शहीदी यात्रा**
- राष्ट्रीय सेमिनार एवं गुरु साहिब जी की जीवनी पर **किताब का विमोचन**

**9 नवम्बर, 2025**
- **'हिंद दी चादर'** मैराथन का करनाल में आयोजन

**11 नवम्बर, 2025**
- गांव मढ़ावाला, पिंजौर (पंचकूला) से **शहीदी यात्रा**

**14 नवम्बर, 2025**
- फरीदाबाद से **शहीदी यात्रा**

**18 नवम्बर, 2025**
- सढौरा (यमुनानगर) से **शहीदी यात्रा**
- कलेसर (यमुनानगर) में **'गुरु तेग बहादुर वन'** का उद्घाटन

**24 नवम्बर, 2025**
- आपसी सौहार्द और एकता का प्रतीक **सर्व-धर्म सम्मेलन (Interfaith Conference)**

**25 नवम्बर, 2025** **समापन समारोह**, कुरुक्षेत्र

## हरियाणा के सभी विश्वविद्यालयों में गुरु साहिब जी के जीवन पर आधारित सेमिनार तथा प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर लाइट एवं साउंड शो का आयोजन

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा के WhatsApp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipharyana

रोहतक
शनिवार, 1 नवंबर 2025
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष, एकादशी वर्ष : 29, अंक : 272
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 31.7
न्यून. 16.5

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 83,938.71 | 465.75 ▼ |
| निफ्टी | 25,722.10 | 155.75 ▼ |
| **धातु** | **कीमत** | **ऊपर/नीचे** |
| सोना | 1,25,600/- | 2200/- ▲ |
| चांदी | 1,53,000/- | 2000/- ▼ |
| **मुद्रा** | **प्रति डॉलर** | **गिरावट** |
| रुपया | 88.70 | 1 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 64.56 बैरल | 0.68% ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## खबर संक्षेप

### पूर्वी नौसेना की कमान संजय भल्ला ने संभाली



**विशाखापत्तनम।** वाइस एडमिरल संजय भल्ला ने शुक्रवार को भारतीय नौसेना की पूर्वी कमान के नए फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में पदभार ग्रहण किया। भल्ला ने वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर का स्थान लिया, जो आज ही सेवानिवृत्त हुए। पूर्वी नौसेना कमान ने कहा गया, 'वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर के सेवानिवृत्त होने पर, 31 अक्टूबर को विशाखापत्तनम में आयोजित औपचारिक परेड हुई। (भाषा)

### फोर्ड की भारत में वापसी की तैयारी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी वाहन निर्माता कंपनी फोर्ड एक बार फिर भारत में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने जा रही है। कंपनी ने घोषणा की है कि वह चेन्नई स्थित अपने पुराने प्लांट में फिर से मैन्युफैक्चरिंग शुरू करेगी। इसके लिए फोर्ड 3,250 करोड़ रुपए का नया निवेश करने जा रही है। तमिलनाडु सरकार के साथ एमओयू पर भी हस्ताक्षर किए हैं। फोर्ड अब अपने चेन्नई प्लांट में नेक्स्ट-जेनरेशन पावरट्रेन (इंजन सिस्टम) तैयार करेगी। कंपनी ने बताया कि यह फैसिलिटी वैश्विक स्तर पर इंजनों के उत्पादन के लिए इस्तेमाल की जाएगी। (भाषा)

### डीआईजी की न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ी



**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक अदालत ने रिश्वत के मामले में गिरफ्तार पंजाब के निलंबित पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) हरचरण सिंह भुल्लर की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को 14 दिन के लिए बढ़ा दी। बुड़ैल जेल में बंद भुल्लर की न्यायिक हिरासत समाप्त होने पर कोर्ट में पेश किया गया। सीबीआई ने न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ाने का आग्रह किया था। (भाषा)

### जुबिन की फिल्म 'रोई रोई बिनाले' रिलीज



**नई दिल्ली।** जुबिन गर्ग की आखिरी फिल्म 'रोई रोई बिनाले' के रिलीज पर पूरा असम और देश के 46 शहरों में उत्सव का माहौल है। 19 सितंबर को सिंगापुर में जुबिन गर्ग के आकस्मिक निधन के बाद यह फिल्म उनके प्रशंसकों और संगीत प्रेमियों के लिए एक भावनात्मक श्रद्धांजलि बन गई है। सिनेमाघरों में सुबह 4:45 बजे से लेकर देर रात तक लगातार शो चल रहे हैं, और टिकटें हफ्ते भर पहले ही बिक चुकी हैं। (भाषा)

### भारत ने तीन गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाए

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्रालय ने राष्ट्रव्यापी 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' के तहत तीन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स हासिल किए हैं, जो निवारक और महिला-केंद्रित स्वास्थ्य सेवा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को मान्यता देता है। मंत्रालय ने एक माह में स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म पर 3.21 करोड़ का पंजीकरण, एक सप्ताह में ऑनलाइन ब्रेस्ट कैंसर जांच के लिए सबसे अधिक 9.94 लाख का पंजीकरण और एक सप्ताह में राज्य स्तर पर ऑनलाइन वाइटल साइन जांच कको सबसे अधिक 1.25 लाख का पंजीकरण किया। इससे तीन रिकार्ड बने। (भाषा)

---

**प्रधानमंत्री ने आर्य समाज की स्थापना 150वीं वर्षगांठ पर अंतरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन को संबोधित किया**

**मोदी ने कहा कि आर्य समाज ने डेढ़ सौ वर्षों से राष्ट्रभक्ति, संस्कृति और सामाजिक सुधार में सराहनीय कार्य किए।**

# आर्य समाज ने किया देश की वैदिक विरासत और पहचान को संरक्षित

*लाला लाजपत राय और राम प्रसाद बिस्मिल जैसे क्रांतिकारियों ने आर्य समाज से प्रेरणा ली*

*मोदी ने आर्य समाज के सदस्यों से युवाओं को पांडुलिपियों का अध्ययन करने और मोटे अनाजों की प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करने का आग्रह किया।*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आर्य समाज ने समाज सुधार की महान परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाया है। आर्य समाज अपनी स्थापना से लेकर आज तक प्रबल राष्ट्रभक्तों की संस्था रही है। आर्य समाज निर्भीक होकर भारतीयता की बात करने वाली संस्था रही है। भारत विरोधी कोई भी सोच हो, विदेशी विचारधाराओं को थोपने वाले लोग हों, विभाजनकारी मानसिकता हो, सांस्कृतिक प्रदूषण के दुष्प्रयास हों, आर्य समाज ने हमेशा इनको चुनौती दी है।

मुझे संतोष है कि आज जब आर्यसमाज और उसकी स्थापना के एक सौ पचास वर्ष हो रहे हैं, तो समाज और देश, दयानंद सरस्वती जी के महान विचारों को इस विराट स्वरूप में नमन कर रहा है। मोदी ने ये विचार नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन 2025 में मुख्य अतिथि के तौर पर हिस्सा लेते हुए व्यक्त किए। मोदी ने भारत की वैदिक विरासत के संरक्षण में समाज सुधारक दयानंद सरस्वती द्वारा स्थापित आर्य समाज के योगदान की शुक्रवार को सराहना की। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, ज्ञान ज्योति महोत्सव आयोजन समिति के चैयरमेन सुरेन्द्र कुमार आर्य, डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी के प्रेसिडेंट पूनम सूरी, वरिष्ठ आर्य सन्यासी स्वामी देवव्रत सरस्वती, परम मित्र मानव निर्माण संस्थान के अध्यक्ष कैप्टन रुद्रसेन सिन्धु, विभिन्न आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रेसिडेंट और वाइस प्रेसिडेंट, दुनियाभर से आए आर्य समाज के अनेक सज्जन सम्मेलन में उपस्थित रहे।

**दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर नमन**




**चार दिवसीय कार्यक्रम, 39 देशों के प्रतिनिधि होंगे शामिल**

### दयानंद युगदृष्टा थे

दयानंद की 200वीं जयंती और आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित चार दिवसीय कार्यक्रम में 39 देशों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। मोदी ने कहा कि दयानंद जी युगदृष्टा थे। वो जानते थे, चाहे व्यक्ति निर्माण हो, या समाज निर्माण, उसके नेतृत्व में नारीशक्ति की बहुत बड़ी भूमिका होती है। उन्होंने महिलाओं को घर की चौखट तक सीमित समझने वाली सोच को ही चुनौती दी।

### आर्य समाज ने विशाल वृक्ष का रूप लिया

*प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता इस समय मंच पर मौजूद हैं। अभी दो दिन पहले ही हमारी राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू जी ने राफेल फाइटर प्लेन में उड़ान भरी। और इसमें उनकी साथी बनी स्कवैड्रन लीडर शिवांगी सिंह। आज हमारी बेटियां फाइटर जेट उड़ा रही हैं, और ड्रोन दीदी बनकर आधुनिक कृषि को भी बढ़ावा दे रही हैं। साथियों, स्वामी दयानंद सरस्वती जी ने अपने जीवन में परोपकारिणी सभा की स्थापना की थी। स्वामी जी के लगाए बीज ने विशाल वृक्ष की तरह कितनी ही शाखाओं को विस्तार दिया है। गुरुकुल कांगड़ी, गुरुकुल कुरुक्षेत्र, डीएवी संस्थान, एवं अन्य शैक्षणिक संस्थान, ये सभी अपने अपने क्षेत्रों में लगातार काम कर रहे हैं।*



### प्रधानमंत्री ने स्मारक सिक्का जारी किया

मोदी ने महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती और आर्य समाज की समाज सेवा के 150 वर्षों के उपलक्ष्य में एक स्मारक सिक्का जारी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि गत वर्ष गुजरात में दयानंद सरस्वती जी के जन्मस्थान पर विशेष कार्यक्रम हुआ था। इसके पहले यहां दिल्ली में ही मुझे महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंती समारोह के शुभारंभ का सौभाग्य मिला था। आज मुझे एक बार फिर, आर्यसमाज के 150वें स्थापना वर्ष के इस आयोजन में, अपनी एक और भाव आहुति देने का अवसर मिला है।

---

**स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर पटेल की 150वीं जयंती पर नमन**



## सरदार पटेल चाहते थे पूरा कश्मीर हमारा हो, नेहरू नहीं माने : मोदी

**मोदी ने राष्ट्रीय एकता दिवस परेड का निरीक्षण किया**

**पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों की टुकड़ियों ने भाग लिया**

**एकता नगर (गुजरात)/नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि सरदार पटेल अन्य रियासतों की तरह पूरे कश्मीर को भी भारत में मिलाना चाहते थे, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने ऐसा नहीं होने दिया। गुजरात के एकता नगर में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' के पास राष्ट्रीय एकता दिवस परेड के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि घुसपैठ की घटनाएं भारत के जनसांख्यिकीय संतुलन को बिगाड़ रही थीं जिसके खिलाफ निर्णायक लड़ाई का फैसला किया गया है। 'सरदार पटेल का मानना था कि इतिहास लिखने में समय बर्बाद नहीं करना चाहिए बल्कि इतिहास बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए।'' उन्होंने कहा कि आजादी के बाद सरदार पटेल ने 550 से अधिक रियासतों का भारत संघ में विलय कराने का असंभव सा लगने वाला कार्य पूरा किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने जो नीतियां बनाईं, जो निर्णय लिए, उन्होंने नया इतिहास रच दिया। एक भारत, श्रेष्ठ भारत का विचार उनके लिए सर्वोपरि था।

### प्रतिबंध लगे, पटेल चाहते थे : खरगे



**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पटेल की जयंती पर कहा कि संघ पर फिर से प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए क्योंकि देश में कानून व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं के लिए यही संगठन जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि यह उनका व्यक्तिगत विचार है। खरगे ने अखिलेश के बयान से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए संवाददाताओं से कहा कि मेरा व्यक्तिगत विचार है और खुलकर बोलूंगा कि (संघ पर प्रतिबंध) लगना चाहिए। पटेल ने जो चीजें (संघ को लेकर) हमारे सामने रखी हैं, अगर उसकी मर्यादा प्रधानमंत्री और शाह रखते हैं तो यह (प्रतिबंध) होना चाहिए। *(पेज-8भी देखें)*

---

## रेवाड़ी में भीषण हादसा, परिवार के 3 सदस्यों की मौत, कार सवार 4 लोगों की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

**बाइक से टकराने के बाद पेड़ में घुसी कार, शादी में भाग लेने जा रहे थे**

महेंद्रगढ़ रोड पर शुक्रवार दोपहर नांगल मूंदी के पास कार की टक्कर से बाइक सवार परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। बाइक से टकराने के बाद कार पेड़ में घुस गई, जिससे कार सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें दो हालत गंभीर बनी हुई थी। बुड़ौली निवासी ओमप्रकाश (55) दो भतीजों करीब 22 वर्षीय साहिल व प्रशांत के साथ बाइक से नांगलमूंदी स्टेशन पर जाने के लिए निकले थे। तीनों को ट्रेन पकड़कर सतनाली एक शादी समारोह में भाग लेने के लिए जाना था।



### कार सवार बल्लभगढ़ के

वह नांगलमूंदी के सती मंदिर के पास पहुंचे, तो सामने से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक को टक्कर मारने के बाद कार अनियंत्रित होकर पेड़ में घुस गई। लोगों ने एंबुलेंस बुलाकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां ओमप्रकाश, साहिल व प्रशांत को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। ओमप्रकाश के परिवार के एक अन्य युवक के भी गंभीर रूप से घायल होने की सूचना है, उसे प्राइवेट अस्पताल में दाखिल कराया गया है। कार सवार घायलों को प्राइवेट अस्पताल में दाखिल कराया गया है, जहां दो की हालत गंभीर बनी हुई थी। कार सवार बल्लभगढ़ के रहने वाले हैं।

### फ्लाइट में यात्री को अटैक भारतीय नर्सों ने बचाया

**दुबई (भाषा)।** केरल के दो पुरुष नर्सों ने पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान से कोच्चि से अबू धाबी जा रहे साथी यात्री की जान बचाई। यात्री की यात्रा शुरु होने के 20 मिनट बाद ही हृदय गति रुक गई थी। मीडिया की रिपोर्ट से जानकारी मिली। गल्फ न्यूज ने बुधवार को बताया कि वायनाड निवासी अभिजीत जीस (26) व चेंगन्नूर निवासी अजीश नेल्सन (29) एयर अरेबिया की उड़ान संख्या 3एल128 से संयुक्त अरब अमीरात में नई नौकरी के लिए जा रहे थे, तभी उन्होंने विमान में केरल निवासी व्यक्ति को हांफते हुए देखा। दोनों तुरंत उसकी मदद के लिए दौड़े और दो बार सीपीआर किया, जिससे हालत स्थिर हुई।

---

**4 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला, गुरुग्राम में मृत लोगों को प्लाट बेचने का आरोप**

## कुलदीप बिश्नोई की बहन व जीजा के खिलाफ अरेस्ट वारंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम की एक कोर्ट ने भाजपा के वरिष्ठ नेता कुलदीप बिश्नोई की बहन रोशनी, जीजा अनूप और भांजी सुरभि के अरेस्ट वारंट जारी किए हैं। प्लॉट मालिक के बेटे धर्मवीर ने सेक्टर-14 पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में जब सुनवाई नहीं हुई तो कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर ही पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। अनूप और रोशनी पर 2 अलग-अलग एफआई दर्ज की गई है। आरोप है कि तीनों ने 2 मरे हुए लोगों के प्लॉट बेचकर 4 करोड़ की धोखाधड़ी की है। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के आवास पर 17 बार दबिश दी गई, लेकिन वे एक बार भी पुलिस के सामने नहीं आए। वे गिरफ्तारी से बच रहे हैं। इस पर कोर्ट ने पुलिस कमिश्नर को सख्त आदेश दिए हैं कि आरोपियों को कोर्ट में जल्द पेश किया जाए।

### पिता और चाचा के प्लॉट थे

पंजाब में फाजिल्का के रहने वाले धर्मवीर ने गुरुग्राम पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उसके पिता सुनील और चाचा संदीप कुमार के प्लॉट सेक्टर 23 और सेक्टर 23ए में थे। चाचा संदीप की मौत 2004 को हो गई थी। 12 जनवरी 1996 को हुडा विभाग द्वारा उसके चाचा को प्लॉट नंबर 4772, सेक्टर 23/23ए आवंटित किया गया था, जिसका अलॉटमेंट लेटर नंबर 4839, 12 अप्रैल 1996 को जारी हुआ था। आरोप है कि उसके चाचा के साढ़ू केएल बिश्नोई का उनके घर आना-जाना था, जिन्हें पता था कि संदीप के नाम पर एक प्लॉट है। विकास बिश्नोई ने हुडा विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर संदीप की जगह किसी और व्यक्ति को पेश किया और 28 अप्रैल 2016 को पजेशन सर्टिफिकेट हासिल कर लिया। 19 फरवरी 2016 को प्लॉट की एनओसी जारी करने के लिए संदीप कुमार के फर्जी साइन किए गए।

### शिकायतकर्ता कुलदीप के जीजा के चचेरे भाई

*शिकायतकर्ता धर्मवीर के एडवोकेट प्रवीण दहिया ने बताया कि सुनील का बेटा धर्मवीर कुलदीप बिश्नोई के जीजा अनूप बिश्नोई का चचेरा भाई है। धर्मवीर पंजाब में फाजिल्का जिले के सितो गुन्नो गांव का रहने वाला है। धर्मवीर के पिता सुनील का एक प्लॉट गुरुग्राम के पालम विहार में था। साल 2016-2017 में ये प्लॉट धोखाधड़ी से बेचे गए थे। इसमें से एक प्लॉट की कीमत 2 करोड़ 42 लाख और दूसरे की एक करोड़ 59 लाख रुपये थी।*

---

### पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने तेलंगाना में मंत्री पद की शपथ ली



**हैदराबाद (भाषा)।** कांग्रेस नेता एवं पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन ने शुक्रवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के मंत्रिमंडल में मंत्री पद की शपथ ली। राजभवन में आयोजित एक सादे समारोह में राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने मुख्यमंत्री सहित कई महत्वपूर्ण नेताओं की उपस्थिति में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह के बाद अजहरुद्दीन ने उन्हें मंत्री बनाए जाने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाद्रा और के सी वेणुगोपाल का आभार व्यक्त किया।

### सोनम वांगचुक टाइम मैगजीन के 100 प्रभावशाली लोगों में शामिल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सोनम वांगचुक को टाइम मैगजीन ने 'द 100 मोस्ट इंफ्लुएंशियल क्लाइमेट लीडर्स ऑफ 2025' की सूची में जगह दी है। मैगजीन ने लिखा- वांगचुक एक इंजीनियर, शिक्षाविद और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। पिछले महीने लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के प्रदर्शन के चलते गिरफ्तार किया गया था। वो एक दशक से प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा, कृत्रिम ग्लेशियर बनाने में नई वैज्ञानिक तकनीकों को शामिल करने का काम कर रहे हैं। वांगचुक की पत्नी ने लिखा- मैगजीन उन्हें विश्व के 100 प्रभावशाली लोगों में शामिल कर रही है।

### देशभर के 1466 पुलिस कर्मियों को मिलेगा केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक

**गृह मंत्रालय ने जारी की सूची**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने वर्ष 2025 के लिए देशभर के 1,466 पुलिस कर्मियों को केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक देने की घोषणा की है। इनमें पहलगाम घटना में शामिल आतंकवादियों को मार गिराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के 40 कर्मी शामिल हैं। गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि इन पदकों से विभिन्न राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों और केंद्रीय संगठनों के कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। यह पदक हर साल 31 अक्तूबर को देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर घोषित किया जाता है।

---

## भारत, अमेरिका के बीच 10 वर्ष का रक्षा समझौता

**रक्षा मंत्री राजनाथ बोले दोनों देशों के बीच नए युग की शुरूआत**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



50 फीसदी टैरिफ से उत्पन्न संकट और तेजी से बढ़ती वैश्विक भू-राजनीतिक अस्थिरता के बीच भविष्य में भारत और अमेरिका के रक्षा संबंध एक नई ऊंचाई को छुएंगे। जिसका आधार बनेगा शुक्रवार को मलेशिया की राजधानी क्वालालंपुर में हुई दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों की व्यापक द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक के बाद हुआ '10 वर्षीय रक्षा रूपरेखा समझौता'। दरअसल ये बैठक 12वें आसियान-प्लस देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक से इतर हुई। समझौते के दो महत्वपूर्ण केंद्र बिंदुओं में से एक भविष्य में सामरिक संबंधों को और अधिक मजबूती प्रदान करना है। जबकि दूसरा एक स्वतंत्र, खुले हुए और नियम आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के गठन पर केंद्रित है।

---

**आवारा कुत्तों के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सरकारों से मांगा जवाब**

## क्या सभी मुख्य सचिव सो रहे, आदेश का सम्मान नहीं, आने दीजिए, हम निपटेंगे

**22 अगस्त के आदेश के बावजूद अनुपालन हलफनामा क्यों नहीं दाखिल किया**

*उच्चतम न्यायालय एक स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रहा है जो 28 जुलाई को राष्ट्रीय राजधानी में आवारा कुत्तों के काटने से विशेष रूप से बच्चों में रेबीज होने की एक मीडिया रिपोर्ट आने के बाद शुरू किया गया था।*

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने बंगाल और तेलंगाना को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है। जस्टिस विक्रम नाथ व जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट देने की याचिका खारिज कर दी। जस्टिस नाथ ने कहा कि जब हम मुख्य सचिवों से हलफनामा दाखिल करने के लिए कहते हैं, तो वे इस पर चुप्पी साधे रहते हैं। हमारे आदेश का कोई सम्मान नहीं है। तो ठीक है, उन्हें आने दीजिए। हम उनसे निपट लेंगे।

**रेबीज पर मीडिया रिपोर्ट पर एक्शन**

### आदेश का पालन नहीं करने पर नाराजगी

पीठ ने 22 अगस्त के पीठ के आदेश का पालन नहीं करने पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि 27 अक्टूबर तक पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और दिल्ली नगर निगम को छोड़कर किसी भी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश ने अनुपालन हलफनामा दाखिल नहीं किया था।



### अनुपालन हलफनामे क्यों नहीं दाखिल किए

पीठ ने स्पष्ट किया कि मुख्य सचिवों को अदालत में उपस्थित होकर यह बताना होगा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने अनुपालन हलफनामे क्यों नहीं दाखिल किए। मेहता ने कहा कि मामले में अनुपालन हलफनामे दाखिल किए गए थे।

### 30 को बिहार के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था

शीर्ष अदालत ने 30 अक्टूबर को बिहार सरकार के उस अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था जिसमें राज्य में विधानसभा चुनाव के कारण वहां के मुख्य सचिव को तीन नवंबर को अदालत में पेश होने से छूट देने का अनुरोध किया गया था। पीठ ने बिहार की ओर से पेश हुए वकील से कहा था, "निर्वाचन आयोग है जो इसका ध्यान रखेगा। चिंता न करें।

राष्ट्रीय एकता दिवस : मुख्यमंत्री ने सरदार पटेल को नमन किया, अधिकारियों को दिलवाई शपथ

# आज भारत दुनिया की महाशक्ति बनने की राह पर, जिसकी नींव 'लौह पुरुष' ने रखी थी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर हरियाणा सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि लौह पुरुष सरदार पटेल सही मायने में राष्ट्रीय एकता के प्रतीक और अखंड भारत के शिल्पी थे। आजादी के बाद उन्होंने भारत के प्रथम गृह मंत्री के रूप में अपनी कुशल प्रशासनिक क्षमता से देश की नींव मजबूत की। उस समय देश सैकड़ों रियासतों और राजघरानों में बंटा हुआ था, लेकिन सरदार पटेल ने 562 रियासतों का भारतीय संघ में विलय कराकर अखंड भारत और राष्ट्रीय एकता की आधारशिला रखी।मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत दुनिया की महाशक्ति बनने की राह पर है, जिसकी नींव सरदार पटेल ने रखी थी।

**मुख्यमंत्री ने लौहपुरुष के देश निर्माण के योगदान को सराहा**

## मुख्यमंत्री ने कहा- सरदार पटेल के अखंड भारत के सपने को प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर साकार किया



मुख्यमंत्री ने कहा- सरदार पटेल के अखंड भारत के सपने को प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर साकार किया प्रधानमंत्री ने गुजरात के नर्मदा जिले में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण कर सरदार पटेल को युगों-युगों तक जीवित रखने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सबको सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए समर्पित रहना चाहिए।

### एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को दोहराने का दिन



*मुख्यमंत्री कहा कि यह दिवस न केवल एक महापुरुष को स्मरण करने का अवसर है, बल्कि यह हम सबको एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को दोहराने का भी दिन है। मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए स्वयं को समर्पित करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता के बेजोड़ शिल्पी सरदार पटेल को नमन करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने विकट परिस्थितियों में अपनी कुशाग्र बुद्धि और मजबूत इरादों के बल पर 562 रियासतों का विलय करवाकर देश को एकता के सूत्र में पिरोने का असाध्य काम को पूरा किया।*



### फतेहाबाद में राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के लिए दौड़े मुख्यमंत्री नायब सिंह

शुक्रवार की सुबह फतेहाबाद शहर की हवा में देशभक्ति की महक थी, शहर के बीचों बीच मौजूद सड़क पर लोगों के हाथों में तिरंगे झूम रहे थे और हर चेहरा उत्साह से दमक रहा था। मौका था राष्ट्रीय एकता दिवस का। जब देश लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उनके अदम्य योगदान को नमन कर रहा था। इस अवसर पर आयोजित रन फॉर यूनिटी में फतेहाबाद ने एकता की मिसाल कायम की। जहां मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने तिरंगा लहराकर इस जनउत्सव का शुभारंभ किया। सुबह 7 बजे पंचायत भवन से जब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने तिरंगा लहराया तो भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से पूरा शहर गूंज उठा। देखते ही देखते सडक़ों पर एक सैलाब उमड़ पड़ा। करीब तीस हजार लोगों का, जिनके हाथों में था तिरंगा और दिलों में देश के लिए उमड़ता जज़्बा। दौड़ में हर वर्ग, हर उम्र का व्यक्ति शामिल था। स्कूली बच्चे जोश से आगे बढ़ रहे थे, महिलाएं कदम से कदम मिलाकर दौड़ रही थीं, और बुज़ुर्ग गर्व से इस दृश्य को देख रहे थे। मानो पूरा फतेहाबाद एक ही स्वर में कह रहा था, हम सब एक हैं, यही भारत की पहचान है। ढोल नगाड़ों के साथ नाचते गाते युवा इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने।

नफे सिंह राठी हत्याकांड

## पुलिस ने शिकायतकर्ता व उसके परिवार को सुरक्षा उपलब्ध करवाई

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट को सूचित किया है कि पूर्व विधायक और इंडियन नेशनल लोकदल नेता नफे सिंह राठी की हत्या मामले में शिकायतकर्ता राकेश कुमार और उनके परिवार को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराई गई है।यह मामला 25 फरवरी 2024 का है, जब झज्जर जिले के बहादुरगढ़ स्थित बराही लेवल क्रासिंग पर चार शूटरों ने राठी की एसयूवी पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी थी। इस हमले में नफे सिंह राठी और एक पार्टी कार्यकर्ता की मौत हो गई थी, जबकि राठी द्वारा निजी तौर पर रखे गए तीन गनमैन घायल हुए थे।राकेश कुमार, जो राठी के ड्राइवर थे, ने हाई कोर्ट में दायर अपनी याचिका में कहा कि वे इस मामले में शिकायतकर्ता और आंखों देखा गवाह दोनों हैं। उन्होंने अदालत से अनुरोध किया कि उन्हें और उनके परिवार को अतिरिक्त सुरक्षा दी जाए।

होडल विस चुनाव मामला

## ईवीएम की जांच हाईकोर्ट रजिस्ट्रार की निगरानी में करवाने की मांग

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं होडल विधानसभा सीट से उम्मीदवार रहे उदयभान ने अपनी चुनाव याचिका पर सुनवाई के दौरान ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की जांच एवं सत्यापन की प्रक्रिया हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार की निगरानी में करने की मांग की है। बहस के दौरान कोर्ट को बताया गया कि चुनाव में इस्तेमाल हुई बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट मशीनों की मेमोरी और माइक्रो-कंट्रोलर की जांच एवं सत्यापन हेतु 2.36 लाख की राशि जमा करवाई दी गई है।बहस के दौरान याची के वकील हरियाणा के पूर्व एडवोकेट जनरल और भारत सरकार के पूर्व अतिरिक्त सालिसिटर जनरल मोहन जैन ने दलील दी कि जनप्रतिनिधित्व कानून, हाई कोर्ट नियम और सुप्रीम कोर्ट के फैसले यह स्पष्ट करते हैं कि चुनाव याचिकाओं का निपटारा छह माह में करना अनिवार्य है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हैफेड | हैफेड कैटल / एनीमल फीड प्लांट, रोहतक और सकताखेड़ा के लिए कच्चे माल की खरीद हेतु। | 31.10.2025 11.11.2025 | 10.42 लाख | www.hafed.gov.in | 0172-290520 hafed@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39941/I/88/6 दि. 31.10.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महम | पुनः आमंत्रण : नगर पालिका महम क्षेत्र में स्थापित सीसीटीवी कैमरों का वार्षिक रखरखाव। | 30.10.2025 05.11.2025 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9416022295 secy-meham@ulbharyana.gov.in |
| 2 | नगर पालिका महम | नगर पालिका महम की सीमाओं के अंदर घुमने वाले आवारा मवेशी (गाय, बछड़ा, बैल) को पकड़ने के सम्बन्ध में। (निविदा आईडी : 2025_HRY_4800666_1) | 31.10.2025 06.11.2025 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9416022295 secy-meham@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39927/I/88/6 दि. 31.10.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका कलानौर | एम.सी. कलानौर में वार्ड नं. 5 में सति भाई साईं दास गली (कुम्हारों वाली गली) का निर्माण और मरम्मत। | 29.10.2025 06.11.2025 | रु. 15.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9992421221 secy-kalanaur@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39912/I/88/6 दि. 31.10.25

**कब्जा सूचना-(अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)**

चूंकि, अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

| कर्जदार(ों)/सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री जसबीर सिंह, श्रीमती रीना देवी, जसबीर किराना स्टोर, (प्रोस्पैक्ट नं. IL10343609) | गांव बस्सी (लाल डोरा के अंदर) तहसील असंध, जिला करनाल, हरियाणा-132039 में स्थित सम्पत्ति/प्लॉट/मकान/सम्पत्ति एलजीडी आईडी नं. 593210316 वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 343.00, 456.00, 365.00 | रु. 495339/- रुपये चार लाख पचानवे हजार तीन सौ उनतालीस केवल | 06-12-2023 | 28-10-2025 |
| श्री मनीष, श्रीमती शीली देवी, लोहान मिल्क डेयरी, (प्रोस्पैक्ट नं. IL10294906) | सम्पत्ति 367, सांदिल-अलेवा-जीन्द हरियाणा-126111 के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति प्रकार : Built_Up_Area, Carpet_Area, Super_Build Up Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 693.00, 580.00,753.00 | रु. 392252/- रुपये तीन लाख बानवे हजार दो सौ बावन केवल | 17-03-2025 | 28-10-2025 |
| श्रीमती अनीता देवी, श्री दिलदेव, अनीता डेयरी फार्म, (प्रोस्पैक्ट नं. IL10375259) | गांव मंडवाल, तहसील राजौंद, जिला कैथल, हरियाणा-132039 में स्थित खेवट नं. 38, खतौनी नं. 42 में से सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1497.00, 1477.00, 1107.00 | रु. 1055537/- रुपये दस लाख पचपन हजार पांच सौ सैंतीस केवल | 06-12-2023 | 28-10-2025 |
| श्री सतीश, श्रीमती रीनू, सतीश मिल्क डेयरी, (प्रोस्पैक्ट नं. IL10430094) | गांव कोठ कलां, तहसील खेड़ी जलाब, जिला हिसार, हरियाणा, भारत-125039 में स्थित खसरा नं. 977 (0-19) में निहित खेवट नं. 558 मिन, खाता नं. 772 मिन में से सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 738.00, 738.00,590.00 | रु. 529136/- रुपये पांच लाख उनत्तीस हजार एक सौ छत्तीस केवल | 09-06-2025 | 28-10-2025 |
| श्री जयपाल, श्री कृष्ण, श्रीमती बबीता देवी, जयपाल मिल्क डेयरी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10534610) | खेवट नं. 517, खाता नं. 638, गांव डाहोला, तहसील अलेवा, जिला जीन्द, हरियाणा, भारत-126102 में निहित सम्पत्ति 5117 के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1796.00, 1682.00,1345.00 | रु. 873325/- रुपये आठ लाख तेहत्तर हजार तीन सौ पच्चीस केवल | 28-06-2025 | 28-10-2025 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : करनाल - एससीओ-408, जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।
स्थान : हरियाणा, दिनांक : 01.11.2025 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.


एक दिसंबर से स्टॉल आवंटन प्रक्रिया आरंभ

## 39वां सूरजकुंड अंतराष्ट्रीय शिल्प मेला 31 जनवरी से, तैयारियां शुरू

**चंडीगढ़।** हरियाणा पर्यटन निगम द्वारा 39वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला-2026 की तैयारियां शुरु कर दी गई हैं। इस सिलसिले में हरियाणा पर्यटन निगम के प्रबंध निदेशक एवं सूरजकुंड मेला प्राधिकरण के मुख्य प्रशासक डॉ. शालीन की अध्यक्षता में शुक्रवार को पंचकूला में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभाग आला अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, गतिविधि प्रमुखों और आयोजन समिति के सदस्यों ने भाग लिया।बैठक में आगामी मेले की रूपरेखा, तैयारियों की प्रगति, बुनियादी ढांचे के सुधार कार्य, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की योजना, कलाकारों एवं शिल्पकारों की भागीदारी से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। डॉ. शालीन ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी-अपनी जिम्मेदारियों के अनुरूप तैयारी कार्य शीघ्र पूर्ण करें।

## कांग्रेस अनुशासन समिति की बैठक कल चंडीगढ़ में : जैन

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस में एकता और अनुशासन बनाए रखने के लिए गठित अनुशासन समिति की पहली बैठक रविवार 2 नवंबर को होने जा रही है। सुबह 11.30 बजे सेक्टर 9 स्थित कांग्रेस प्रदेश आफिस में एक पीसी और बैठक का आयोजन रखा गया गया है। इस आशय की सूचना कमेटी के सदस्य सचिव रोहित जैन एडवोकेट ने दी है। उन्होंने बताया कि बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी

## डीकम्पोजर वेटेबल पाउडर से होगा पराली प्रबंधन

**चंडीगढ़।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि राज्य सरकार पराली एवं कृषि के अन्य अवशेषों का प्रबंधन करने के लिए डीकम्पोजर वेटेबल पाउडर का उपयोग करेगी , इससे जहां अवशेषों को जलाने से मुक्ति मिलेगी वहीं यह पाउडर भूमि की उपजाऊ शक्ति को बढ़ाने में भी सहयोगी साबित होगा। शुक्रवार सरकार ने हाई पॉवर परचेज कमेटी की बैठक में पूसा डीकम्पोजर वेटेबल पाउडर के 75000 पैकेट की खरीद की अनुमति दे दी है।

### 75000 पैकेट खरीदने को मंजूरी



बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा , एवं प्रधान सचिव पंकज अग्रवाल के अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा इस बैठक से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े हुए थे।राणा ने बैठक के बाद जानकारी दी कि पूसा डीकम्पोजर वेटेबल पाउडर के 75,000 पैकेट की खरीद की अनुमति प्रदान की गई है। इन पैकेटों को किसानों को निःशुल्क उपलब्ध करवा जाएगा।

## डेनमार्क पशुपालन, कृषि व अन्य क्षेत्रों में निवेश का इच्छुक

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शुक्रवार को उनके आवास संत कबीर कुटीर पर डेनमार्क की डेनिस फार्मर एब्रोड एसोसिएशन के 35 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में 20 विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल रहे। इस मौके पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पशुपालन, कृषि, डेयरी विकास सहित अन्य क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

### डेनिस फार्मर एब्रोड एसो. ने सीएम से की भेंट



प्रतिधिनिमंडल ने इन क्षेत्रों में हरियाणा में निवेश करने को लेकर गहरी रुचि दिखाई। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार डेनमार्क के साथ कई परियोजनाओं पर कार्य कर रही है, जिससे प्रदेश के कृषि और पशुपालन क्षेत्र में तकनीकी उन्नति और उत्पादन क्षमता में वृद्धि विशेष रूप से शामिल है। मुख्यमंत्री कहा कि हरियाणा के प्रगतिशील किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा के नेतृत्व में अफ्रीकी देशों के दौरे पर जा चुका है।


**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

**घोषणा**

**विषय : उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में वाणिज्य विषय में (विज्ञा. सं. 44/2024) असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) के पद के लिए प्रवेश-पत्र।**

उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में वाणिज्य विषय में (विज्ञा. सं. 44/2024) असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) के पदों के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि उक्त पद के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट 09.11.2025 को प्रातःकालीन सत्र में आयोजित करने का निर्णय लिया है।

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 04.11.2025 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

**टिप्पणियां :-**

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने और ए-4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश-पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 30.10.2025 हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

**घोषणा**

**विषय : माध्यमिक शिक्षा विभाग, हरियाणा में शेष हरियाणा कैडर के लिए अंग्रेजी विषय में (विज्ञा. सं. 22/2024) पोस्ट ग्रेजुएट टीचर्स (पीजीटीएस) के पद के लिए प्रवेश-पत्र।**

माध्यमिक शिक्षा विभाग, हरियाणा में शेष हरियाणा कैडर के लिए अंग्रेजी विषय में (विज्ञा. सं. 22/2024) पोस्ट ग्रेजुएट टीचर्स (पीजीटीएस) के पदों के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि उक्त पद के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट 16.11.2025 को प्रातःकालीन सत्र में आयोजित करने का निर्णय लिया है।

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 11.11.2025 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

**टिप्पणियां :-**

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने और ए-4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश-पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 30.10.2025 हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला
संवाद-1156/13/362/2026/39938/88/6 दि. 31.10.25


## सवा लाख कर्मियों को नौकरी की सुरक्षा के लिए पोर्टल तैयार

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के विभिन्न विभागों, बोर्ड और निगमों में अस्थायी सेवाएं देने वाले एक लाख 20 हजार कर्मियों को नौकरी सुरक्षा देने के क्रम में कई कदम उठा चुकी सूबे की नायब सैनी सरकार अब इसके लिए अन्य कदम भी उठाने जा रही है। इस क्रम में पोर्टल तैयार कर लिया गया है, वैसे, सूबे की भाजपा सरकार इन कर्मियों के हित के लिए बड़ा कदम उठा चुकी है। पोर्टल को लेकर होमवर्क पूर्ण हो चुका है।सर्विस सुरक्षा देने के क्रम में पोर्टल तैयार किया गया है, राज्य सरकार 15 अगस्त 2024 में इन अस्थायी कर्मियों के हितों को लेकर विधेयक लेकर आई थी।

### ये होगा फायदा

हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड (एचकेआरएनएल) के तहत विभिन्न सरकारी विभागों, बोर्ड-निगमों और स्वायत्त संस्थाओं में कार्यरत करीब 1.20 लाख अनुबंधित कर्मचारियों को लेकर सरकार की ओर से कई कदम उठाए गए थे, उसके बाद भी कुछ तकनीकी दिक्कतों और पार्ट वन और टू के तहत भर्ती हुए कर्मियों को लेकर प्रक्रिया जारी थी। एचकेआरएन (हरियाणा कौशल रोजगार निगम) के करीब 1.20 लाख अनुबंधित कर्मचारियों की सेवाओं को लेकर सरकार ने पहले ही 58 साल तक सेवानिवृत्ति आयु तक नौकरी को सुरक्षित कर दिया है। अब इस क्रम में पोर्टल भी तैयार कर लिया गया है, जिस पर सभी का ब्योरा होगा।

## स्वास्थ्य संस्थाओं में कल से विशेष स्वच्छता अभियान : आरती राव

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राज्य के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में सफ़ाई व्यवस्था को बेहतर और सुव्यवस्थित रखा जाए। उन्होंने कहा कि साफ़ और स्वच्छ वातावरण न केवल मरीजों के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि इससे अस्पतालों की समग्र कार्यप्रणाली और सेवा गुणवत्ता पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का प्राथमिक उद्देश्य है कि हर नागरिक को स्वच्छ, सुरक्षित और मानक सुविधाओं वाले सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों का लाभ मिले। इस दिशा में गंभीरता दिखाते हुए उन्होंने आगामी 2 नवंबर से 8 नवंबर तक सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

## फसलों की खरीद को लेकर इनेलो का प्रदर्शन तीन को

**चंडीगढ़।** प्रदेश के कई जिलों में खड़े बारिश के पानी की निकासी न होने, सरकार द्वारा अभी तक बर्बाद हुई फसलों की विशेष गिरदावरी न करवाने और मुआवजा न देने, मंडियों में धान और बाजरे की फसल को एमएसपी से कम दामों में खरीद कर किसानों को लूटने, खाद की किल्लत कर कालाबाजारी करने के विरोध में इनेलो जिला मुख्यालयों पर सरकार के खिलाफ विरोध स्वरूप धरना प्रदर्शन करेगी और उपायुक्तों को ज्ञापन सौंपेगी।


**उद्यान विभाग, हरियाणा**
**पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,**
**मुनिमपुर (झज्जर)-124105**
**ई-मेल: Coemunimpur@gmail.com**

**शुद्धिपत्र - 1**

**केन्द्र पर पेन्ट करवाने के लिए सामान खरीदने हेतू मोहरबन्द कुटेशन आमन्त्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर फैन्सी लाईट, मुख्य दरवाजा एवं शेड इत्यादि पर पेन्ट करवाने हेतु सामान की आवश्यकता है। जिसका विवरण निम्नलिखित हैः-

| Sr. No. | Particular | Qty (Approx.) | Rate/Unit (ltr.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Black Paint (Anamel) | 80 ltr. | |
| 2 | White Paint (Anamel) | 60 ltr. | |
| 3 | Grey Paint (Anamel) | 30 ltr. | |
| 3 | Turpentine oil (तारपीन का तेल) | 40 ltr. | |

इच्छुक फर्म अपने रेट मुहरबंद कुटेशन में दिनांक 06.11.2025 सांय 4 बजे तक कार्यालय में पोस्ट / कुरियर या दस्ती तौर पर पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर)-124105 पर भेजना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए डॉ० हेमन्त सैनी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (8683801977) से सम्पर्क कर सकते हैं तथा किसी भी कार्यदिवस में उपरोक्त कार्य के संबंध में केन्द्र का निरीक्षण कर सकते हैं। केन्द्र की आकलन कमेटी के द्वारा आकलन करने उपरान्त सबसे कम मूल्य दर वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के सभी अधिकार आकलन कमेटी के पास होंगे।

हस्ता/-विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर, झज्जर।

पीआरडीएच-1149/11/975/2026/39924/88/6 दि. 31.10.2025

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज सोनीपत | गांव शहजादपुर में बाल्मिकी चौपाल में विकास कार्य + 4 कार्य। | 30.10.2025 10.11.2025 | 16.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9268376188 brijmohansdo@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | गांव इसराना, जिला पानीपत में राजकीय महाविद्यालय का निर्माण (एयर कंडीशनिंग का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 31.10.2025 06.11.2025 | 63.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-kamal@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज कैथल | उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण (गांव - दुसेरपुर) + 5 कार्य। | 30.10.2025 07.11.2025 | 191.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 4 | महिला एवं बाल विकास, अम्बाला | अम्बाला जिले में आईसीडीएस के तहत अपेक्षित एडब्ल्यूसीएस को एसएनपी की आपूर्ति का अधिप्राप्ति परिवहन कार्य। | 28.10.2025 10.11.2025 | ईएमडी 25000 | https://etenders.hry.nic.in | 8950170625 POAMB.WCD2@GMAIL.COM |
| 5 | नागरिक उड्डयन विभाग हरियाणा, चण्डीगढ़ | 01.01.2026 से 31.12.2026 तक किंग एयर बी200जीटी, वीटी-एचसीए (रॉकवेल कॉलिंग्स प्रो लाइन फ्यूजन डिजिटल एवीयोनिक्स सुइट, फेज-3 अपग्रेड सहित सुसज्जित) एयरक्राफ्ट के व्यापक बीमा का नवीनीकरण। | 28.10.2025 17.11.2025 | | https://etenders.hry.nic.in | 1722709386 cavation@hry.nic.in |
| 6 | सिविल सर्जन नारनौल | महेन्द्रगढ़ जिले में जिला नागरिक हस्पताल नारनौल में ऑर्थो इम्प्लांट के लिए ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 30.10.2025 17.11.2025 | 20000 | https://etenders.hry.nic.in | 9802479177 dhs.csmhn@hry.nic.in |
| 7 | महानिदेशक पंचायत सह प्रबंध निदेशक एचआरडीएफ बोर्ड, हरियाणा, चण्डीगढ़ | एक वर्ष की अवधि के लिए हरियाणा पंचायत भवन, सेक्टर-28ए, चण्डीगढ़ में सिक्योरिटी गार्ड स्टाफ, गार्डनिंग, पेस्ट कंट्रोल, जल आपूर्ति, वैद्युत सेवाओं और अग्निशमन समेत हाउसकीपिंग सेवाओं का प्रावधान। | 31.10.2025 14.11.2025 | 3 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9899419812 hrdfboard@rediffmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/140/39943/I/88/6 दि. 31.10.25

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25 राज्योत्सव

# छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस एवं रजत महोत्सव



माननीय प्रधानमंत्री

## श्री नरेन्द्र मोदी जी

01 नवंबर 2025

के कर-कमलों से

लगभग ₹14,300 करोड़

राज्योत्सव स्थल
नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़

की सड़क, ऊर्जा, उद्योग, आवास, ग्रामीण और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी विकास परियोजनाओं का

**शिलान्यास / उद्घाटन / लोकार्पण / राष्ट्र को समर्पण और शुभ गृहप्रवेश**

शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक सह जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय
₹52 करोड़



लोकार्पण



छत्तीसगढ़ के नवीन विधानसभा भवन
₹325 करोड़

### गृह प्रवेश एवं किस्त जारी ₹1,200 करोड़

- PMAY-G के तहत बने 3.51 लाख आवासों का गृह प्रवेश एवं खुशियों की चाबी का वितरण
- 3 लाख लाभार्थियों को सहायता राशि की किस्त जारी

### शिलान्यास ₹7,459 करोड़

- जांजगीर-चांपा और राजनांदगांव में नया स्मार्ट औद्योगिक क्षेत्र
- नवा रायपुर में फार्मास्युटिकल पार्क
- बिलासपुर के ग्राम कोनी और उसलापुर में कार्यरत महिला छात्रावास
- मनेंद्रगढ़, कबीरधाम, जांजगीर-चांपा और गीदम(दंतेवाड़ा) में शासकीय मेडिकल कॉलेज भवन
- बिलासपुर में शासकीय आयुर्वेद कॉलेज एवं चिकित्सालय भवन
- 3 राष्ट्रीय राजमार्ग-130D और पत्थलगांव-कुनकुरी-छत्तीसगढ़/झारखंड सीमा तक चार लेन ग्रीनफील्डराजमार्ग के निर्माण एवं उन्नयन कार्य
- कांकेर में 220 के.वी और बलौदाबाज़ार-भाटापारा में 132 के.वी के विद्युत उपकेंद्र
- आरडीएसएस योजना के तहत विद्युत आधारभूत संरचना का विकास कार्य

### उद्घाटन ₹3,250 करोड़

- मुंगेली में 400, राजिम (गरियाबंद) और पाटन (दुर्ग) में 220, रायपुर, बेमेतरा, बिलासपुर और कोरिया में 132 के.वी. ईएचवी के कुल 7 उपकेंद्र
- बस्तर और सुकमा में 33 के.वी. उपकेंद्र
- 9 जिलों के 12 ब्लॉकों में स्टार्ट-अप ग्राम उद्यमिता कार्यक्रम
- छत्तीसगढ़ और ओडिशा खंड (489 किमी) नागपुर-झारसुगुड़ा पाइपलाइन - (GAIL)
- नया पेट्रोलियम ऑयल डिपो (HPCL)
- अंतर-क्षेत्रीय ईआर-डब्ल्यूआर इंटरकनेक्शन ट्रांसमिशन परियोजना (पावरग्रिड)

### राष्ट्र को समर्पण ₹1,979 करोड़

- विभिन्न जिलों में नई 11 के.वी. और एल.टी. लाइन, ओवरलोडेड 11 के.वी. फीडर और ट्रांसफार्मर
- कंडक्टर को AB केबल में परिवर्तित करने के कार्य
- राष्ट्रीय राजमार्ग-130C मदांगमुड़ा-देवभोग-ओडिशा सीमा तक 2-लेन पेव्ड शोल्डर सड़क निर्माण कार्य

DD NEWS कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज़ पर देखें

हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क | Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

## खबर संक्षेप

### कपालमोचन मेले का विधिवत शुभारंभ आज

**यमुनानगर।** उत्तर भारत के सिंधुवन में स्थित ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थ स्थल श्री कपालमोचन में शनिवार से शुरू हो रहे पांच दिवसीय मेले में श्रद्धालुओं ने पहुंचना शुरू कर दिया है। मेले में शुक्रवार को सबसे पहले पंचभिखी स्नान करने वाले पंजाब के श्रद्धालुओं ने पहुंचकर अपने टेंट गाड़ दिए हैं। शनिवार को अंबाला के मंडलायुक्त संजीव वर्मा 12 बजे मेले का विधिवत शुभारंभ करेंगे।

### पोल्ट्री फार्म में फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**यमुनानगर।** थाना प्रतापनगर क्षेत्र के गांव नैनावाली स्थित पोल्ट्री फार्म में वहां काम करने वाला युवक फंदे पर लटका मिला। मृतक करनाल के गांव बैरसाल का रहने वाला था और नैनावाली गांव में बने पोल्ट्री फार्म पर काम करता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।



**फतेहाबाद।** पराली से कमाई करने वाले किसान। फोटो: हरिभूमि

### किसानों ने पराली को बनाया कमाई का जरिया

**फतेहाबाद।** किसानों ने पराली को आय व रोजगार सृजन का माध्यम बना लिया है। यही कारण है कि इस बारे यहां पराली जलाने के मामले कम हो गए है। रतिया तहसील के गांव कमाना निवासी किसान हरप्रीत सिंह व गांव ब्राह्मनवाला के किसान सतबीर सिंह हर वर्ष तीन लाख क्विंटल पराली का प्रबंधन कर 50 से अधिक लोगों को रोजगार दे रहे हैं। साथ ही वायु प्रदूषण कम हुआ और मिट्टी की उर्वरता में सुधार हुआ। विभिन्न उद्योगों को आपूर्ति कर रहे हैं, जिससे पराली अब किसानों के लिए कचरा नहीं, कमाई का जरिया बन चुकी है।

### नशीली गोलियां बेचने वाला युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एएनसी सेल फतेहाबाद की टीम ने कॉमर्शियल मात्रा में नशीली गोलियों सहित एक युवक को काबू किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान हैप्पी पुत्र रूल्दू राम निवासी वार्ड नं. 1, शक्ति नगर, फतेहाबाद के रूप में हुई है। एएनसी सेल फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने जानकारी दी है।

## पुलिस की कार्रवाई : रोहतक में मुठभेड़, युवक के पैर में गोली लगी, 5 गिरफ्तार

# बदमाशों ने ससुराल जा रही दुल्हन को मारी थीं 7 गोलियां, अब पुलिस ने किया एनकाउंटर

*गोली लगने से घायल आरोपी साहिल ने 2021 में फेरों के बाद पति के साथ ससुराल जा रही युवती की डोली वाली कार रोक ली थी और युवती को 7 गोलियां मारीं। इलाज के दौरान युवती की जान तो बच गई, लेकिन आज भी उसके शरीर में गोलियां मौजूद हैं।*

### व्यापारी पर फायरिंग करने की बना रहे थे योजना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में शुक्रवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई, जबकि पुलिस ने मौके से पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। घायल बदमाश को पुलिस ने तत्काल पीजीआई रोहतक के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए बदमाश एक कपड़ा व्यापारी की दुकान पर फायरिंग करने की साजिश रच रहे थे। मुठभेड़ में घायल आरोपी की पहचान सांपला निवासी साहिल के रूप में हुई है, जो पहले भी एक चर्चित हत्या प्रयास मामले में शामिल रह चुका है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि वर्ष 2021 में इसी साहिल ने एक युवती पर शादी के बाद उसकी डोली के दौरान ताबड़तोड़ गोलियां चलाई थीं।



साहिल को गोली लगी



**रोहतक।** पुलिस की गिरफ्त में चोरों बदमाश। फोटो: हरिभूमि

### शरीर में छह गोलियां अब भी मौजूद

तनिष्का को तुरंत पीजीआई में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों के अनुसार, उसके शरीर में लगी गोलियों ने कई अंगों को नुकसान पहुंचाया, लेकिन उपचार के बाद उसकी जान बच गई। लगभग 25 दिन इलाज के बाद तनिष्का को अस्पताल से छुट्टी मिली, हालांकि छह गोलियां अब भी उसके शरीर में मौजूद हैं।

### कार्रवाई जारी रहेगी

जिले में आपराधिक गतिविधियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बदमाशों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाया जा रहा है कि इनके संपर्क किन गैंगस्टरों से जुड़े हैं और यह गिरोह किन वारदातों में पहले शामिल रहा है।
**-सुरेंद्र भोरिया**, एसपी, रोहतक

### जसिया-धामड़ रोड पर हुई मुठभेड़

सीआईए-1 टीम को शुक्रवार सुबह सूचना मिली कि जसिया-धामड़ रोड पर कुछ युवक किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध युवकों को पकड़ने की कोशिश की। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं। इस दौरान एक युवक के पैर में गोली लग गई, जिसे तुरंत काबू कर लिया गया। बाकी चार बदमाशों को भी घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। देसी पिस्तौल, तीन कारतूस, एक तलवार, तीन लाठियां और एक बलेनो कार बरामद की।

### बदमाशों का मकसद व्यापारी को डराना-वसूली करना था

पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी किसी स्थानीय कपड़ा व्यापारी की दुकान पर फायरिंग करने की फिराक में थे। उनका मकसद व्यापारी को डराना और वसूली करना था। पकड़े गए आरोपियों में सांपला निवासी साहिल, प्रवीण, गौरव, मोहित और सन्नी उर्फ चमरा शामिल हैं। तीनों आरोपियों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है। इनके खिलाफ पहले भी हत्या के प्रयास, डकैती, झपटमारी और आर्म्स एक्ट के तहत कई मामले दर्ज हैं। यह गिरोह विदेश में रह रहे झज्जर निवासी गैंगस्टर अक्षय और झज्जर जेल में बंद सिलानी निवासी नरेश उर्फ सेठी के इशारों पर काम करता है। पुलिस इन दोनों अपराधियों के नेटवर्क को भी खंगाल रही है।

### साहिल ने युवती पर जानलेवा हमला किया

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, मुठभेड़ में घायल साहिल ने वर्ष 2021 में एक युवती पर जानलेवा हमला किया था। सांपला निवासी तनिष्का की शादी 1 दिसंबर 2021 को भाली आनंदपुर निवासी मोहन के साथ हुई थी। फेरों के बाद जब तनिष्का अपने पति और परिजनों के साथ ससुराल जा रही थी, तभी रास्ते में साहिल ने उसकी डोली वाली गाड़ी को रोक लिया। दूल्हे मोहन के अनुसार, उनकी कार उसका भाई सुनील चला रहा था, जिसमें तनिष्का और उसका भाई उज्ज्वल भी सवार थे।

## आरोपियों के सिर मुंडवाकर जुलूस निकालने के मामले में हाईकोर्ट सख्त

# डीजीपी, रेवाड़ी के आईजी समेत अन्य पुलिस अधिकारियों को नोटिस

जनहित याचिका के माध्यम से हाईकोर्ट के समक्ष रखा मामला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल की गई है। हाई कोर्ट के जस्टिस शील नागू और जस्टिस संजीव बेरी की खंडपीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए डीजीपी, रेवाड़ी के आईजी समेत पुलिस अधिकारियों को नोटिस जारी कर दो दिसम्बर तक जवाब दायर करने का आदेश दिया है। याचिकाकर्ता विनीत कुमार जाखड़ ने याचिका में रेवाड़ी जिले के पुलिस अधिकारियों द्वारा आरोपितों को सार्वजनिक रूप से अपमानित करने पर कार्रवाई की मांग की है। याचिका के अनुसार, रेवाड़ी के डीएसपी सुरेंद्र श्योराण और अन्य पुलिस अधिकारियों ने एक मामले के चार आरोपितों का सिर जबरन मुंडवाकर, हाथों में हथकड़ी लगाई और उन्हें बाजारों में परेड कराया। याचिकाकर्ता ने इस कार्रवाई को अमानवीय, असंवैधानिक और मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन बताया है।याचिका में कहा गया कि यह कृत्य संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्राप्त जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का सीधा उल्लंघन तथा अनुच्छेद 14 में प्रदत्त समानता के अधिकार के भी विरुद्ध है।

## फरीदाबाद में चलती कार में आग से हड़कंप

# गाड़ी में रखे 3.80 लाख रुपये भी जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

सेक्टर-46 में शार्ट-सर्किट के चलते बलेनो गाड़ी में आग लग गई। हादसे के समय चालक गाड़ी में मौजूद नही था। गाड़ी में लगी आग में पीडित के 3.80 लाख रूपए भी जलकर राख हो गए। फायर ब्रिग्रेड की दो गाडिय़ों ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसजीएम नगर सी ब्लाक के रहने तरूण ने जानकारी देते हुए बताया किए उसका छोटा भाई भूपेन्द्र मकान पर डिजाइनर सीट लगाने का काम करता है। शुक्रवार को वह बैंक से पैसे निकालकर गुरूग्राम किसी को देने के लिए जा रहा था। सेक्टर 46 में अनखीर रोड़ पर वह गाड़ी खड़ी करके पानी की बोतल लेने चला गया। जब वह वापस आया तो गाड़ी के बोनट से धुंआ निकल रहा था कुछ ही देर में गाड़ी में आग लग गई। इस हादसे में गाड़ी में रखे रुपये जलकर राख हो गए। गनीमत रही की भूपेन्द्र गाड़ी के अंदर नही बैठ पाया था। गाड़ी में आग लगने की सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की दो गाडिय़ां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। तरूण ने बताया कि गाड़ी में सीएनजी लगी हुई थी लेकिन शार्ट-सर्किट होने के कारण आग लगी है। उसका भाई बैंक से पैसे निकालकर लाया था। वो पैसे गाड़ी में रखे हुए थे। पुलिस मौके पर पहुंच गई थी।

### नशे की ओवरडोज मामले में पुलिस ने किया मेडिकल स्टोर सील

**कालांवाली।** पुलिस ने कालांवाली क्षेत्र में नशे की ओवरडोज से हुई मामले मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए गांव लकड़ावाली स्थित एक मेडिकल स्टोर को सील कर दिया है। साथ ही पुलिस ने मामले में वांछित आरोपी गुरदास सिंह को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार कालांवाली थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि तारा सिंह निवासी गदरना की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। पुलिस ने मामले में बड़ी कार्रवाई की है।


**सूचना**

मैं, अनिता पत्नी स्व. श्री विजय निवासी मकान नंबर 3617, अर्बन एस्टेट, जींद, तहसील व जिला जींद बयान करती हूं कि मेरी पुत्री का नाम वंशिका है जिसकी जन्म तिथि 09.05.2008 है। मेरी पुत्री ने दसवीं की परीक्षा वर्ष 2023 और 12वीं की परीक्षा वर्ष 2025 में पास की थी। उपरोक्त दोनों मार्कशीटों में उसके पिता का नाम Late Vijay लिखा हुआ है जो कि सही नहीं है। जबकि उनका सही नाम Vijay है। मैं अपनी पुत्री की दोनों मार्कशीटों में उसके पिता का नाम Late Vijay के स्थान पर Vijay करवाना चाहती हूं।



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **धर्मेंद्र पुत्र ओमबीर पताः गांव जनाचोली, तहसील हथीन, हरियाणा ने सीसी संख्या 885/24 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत** थानाः पहाड़गंज, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **धर्मेंद्र** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **धर्मेंद्र** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **सीसी संख्या 885/24 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत थानाः पहाडगंज, दिल्ली के उक्त धर्मेंद्र** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
आरुषि परवाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05
एनआई एक्ट केंद्रीय उपभवन–01,
कमरा नं.02,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14708/CD/2025



**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/एफ.एस., उत्तर रेलवे, अंबाला मंडल आईआरईपीएस वेबसाइट पर ई–नीलामी लीजिंग के माध्यम से अंबाला मंडल के अंतर्गत विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में ब्रेक के एस.एल.आर./एस.एल.आर.डी. डिब्बों पार्सल स्पेस (4/3.9 टन) के लीज अनुबंध हेतु निविदाएँ आमंत्रित करते हैं। निम्नलिखित विवरणानुसार, निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | नीलामी केटलॉग संख्या | नीलामी शुरु होने की दिनांक एवं समय | नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1. | UMB-SLR-13-2025 (07 लॉट) | 17.11.2025 / 12:00 बजे | 17.11.2025 / 13:30 बजे |

| क्र.सं. | ट्रेन सं. | से–तक | कम्पार्टमेंट |
|---|---|---|---|
| 1. | 12450 | CDG-MAO | FSLR-I |
| 2. | 12232 | CDG-LKO | FSLR-I |
| 3. | 19308 | UHL-INDB | FSLR-I |
| 4. | 22456 | KLK-SNSI | FSLR-I |
| 5. | 12326 | NLDM-KOAA | FSLR-I |
| 6. | 22356 | CDG-PPTA | FSLR-I |
| 7. | 14524 | UMB-BJU | RSLR-I |

ई–नीलामी में भाग लेने या ई–नीलामी प्रक्रिया से संबंधित किसी भी अन्य जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर जाने की सलाह दी जाती है।

3394/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा ई–नीलामी की जाएगी, जिसका विवरण सारणीबद्ध है–

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | ई–कैटलॉग सं | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1 | शिमला रेलवे स्टेशन पर 144 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाले क्लोक रूम प्रबंधन के लिए अनुबंध | PnU-UMB-SML-WRL-49-23-1 (Pay and Use-Lounges/ Waiting/Retiring/Cloak Rooms) | 12.11.2025 12.00 Hrs. |
| 2 | बठिंडा रेलवे स्टेशन पर 20.78 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले क्लोक रूम प्रबंधन एवं स्टेशनरी दुकान जिसमें मुद्रण/फोटोकॉपी सुविधा उपलब्ध है, के लिए अनुबंध | PnU-UMB-BTI-WRL-66-25-1 (Pay and Use-Lounges/ Waiting/ Retiring/Cloak Rooms) | 12.11.2025 12.00 Hrs. |
| 3 | राजपुरा रेलवे स्टेशन पर 3 मीटर X 4 मीटर आकार (कुल क्षेत्रफल 12 वर्ग मीटर) वाले क्लोक रूम प्रबंधन एवं स्टेशनरी दुकान जिसमें मुद्रण/फोटोकॉपी सुविधा उपलब्ध है, के लिए अनुबंध | PnU-UMB-RPJ-WRL-59-25-2 (Pay and Use-Lounges/ Waiting/ Retiring/Cloak Rooms) | 12.11.2025 12.00 Hrs. |
| 4 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर कुल क्षेत्रफल 20.44 वर्ग मीटर के साथ क्लोक रूम प्रबंधन सह स्टेशनरी दुकान जिसमें मुद्रण/फोटोकॉपी सुविधा है | PnU-UMB-SRE-WRL-44-25-1 (Pay and Use-Lounges/ Waiting/ Retiring/Cloak Rooms) | 12.11.2025 12.00 Hrs. |
| 5 | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर 12 फीट X 12 फीट आकार (कुल क्षेत्रफल 144 वर्ग फुट या 13.38 वर्ग मीटर) वाले क्लोक रूम प्रबंधन एवं स्टेशनरी दुकान जिसमें मुद्रण/फोटोकॉपी सुविधा उपलब्ध है, के लिए अनुबंध | PnU-UMB-UMB-WRL-47-25-1 (Pay and Use-Lounges/ Waiting/ Retiring/Cloak Rooms) | 12.11.2025 12.00 Hrs. |
| 6 | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर 3 मीटर X 5.37 मीटर आकार (कुल क्षेत्रफल 16.11 वर्ग मीटर) वाले क्लोक रूम प्रबंधन एवं स्टेशनरी दुकान जिसमें मुद्रण/ फोटोकॉपी सुविधा उपलब्ध है, के लिए अनुबंध | PnU-UMB-SIR-WRL-60-25-2 (Pay and Use-Lounges/ Waiting/ Retiring/Cloak Rooms) | 12.11.2025 12.00 Hrs. |
| 7 | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर पार्सल पैकिंग के उद्देश्य से 10'X10' (100 वर्ग फुट) फर्श स्थान उपलब्ध कराने का प्रावधान | MSS-UMB-UMB-TWnOPS-23-23-1(Misc-Static-Services-Two wheeler and other parcel packing) | 12.11.2025 12.00 Hrs. |

ई–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर जाये।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3388/25


## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख–शान्ति रहेगी। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख–रखाव एवं साज–सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन–सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** – पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग–दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** – अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद–परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** – आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** – मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** – मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।


## बड़खल में दो पक्षों में पत्थरबाजी, कई लोगों को लगी चोट, पहले तौल कराने को लेकर हुई कहासुनी


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

शुक्रवार की दोपहर बडखल गांव में दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से एक-दूसरे पर पत्थरबाजी शुरू हो गई, जिससे पूरे इलाके में हडक़ंप मच गया। झगड़े की सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को किसी तरह नियंत्रित किया। जानकारी के मुताबिक दोनों पक्ष, इमरान और मोबिन बडखल गांव के रहने वाले हैं और दोनों ही ट्रैक्टर ड्राइवर हैं। शुक्रवार को दोनों अपने-अपने ट्रैक्टर लेकर गांव के बाहर स्थित एक धर्म कांटे पर माल तुलवाने पहुंचे थे। इसी दौरान पहले कांटा करवाने को लेकर



दोनों के बीच कहासुनी हो गई, जो धीरे-धीरे हाथापाई में बदल गई। झगड़ा इतना बढ़ गया कि इमरान पक्ष के लोगों ने मोबिन की स्कॉर्पियो कार पर लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला कर गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद इमरान पक्ष के लोग मौके से फरार होकर गांव की ओर भाग गए। देखते ही देखते गांव की गलियों में दोनों तरफ से जमकर पत्थरबाजी होने लगी।


**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029**
**ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES, ANSARI NAGAR, NEW DELHI-110029**
परीक्षा अनुभाग / EXAMINATION SECTION
प्रवेश सूचना क्रमांक / ADMISSION NOTICE NO. 346/2025

**एम्स, नई दिल्ली-फैलोशिप प्रोग्राम - जनवरी 2026 सत्र**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली फैलोशिप प्रोग्राम, जनवरी, 2026 सत्र में प्रवेश हेतु ऑनलाइन (सीबीटी) मोड के माध्यम से प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। विवरण नीचे दिये गये हैं :-

| आवेदनों के ऑनलाइन पंजीकरण हेतु तिथि | |
|---|---|
| पंजीकरण प्रारम्भ तिथि | पंजीकरण अन्तिम तिथि |
| 31.10.2025 (शुक्रवार) | 14.11.2025 (शुक्रवार) (अप. 5.00 बजे तक) |
| प्रवेश परीक्षा की तिथि | |
| 29.11.2025 (शनिवार) | |

**महत्वपूर्ण** : *विवरणिका, विस्तृत जानकारी इत्यादि के लिए कृपया वेबसाइट* ***www.aiimsexams.ac.in*** *पर पधारें। सभी आवेदकों को नियमित रूप से वेबसाइट पर पधारना आवश्यक है क्योंकि सभी अनुवर्ती शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/अपडेट्स केवल वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।*

हस्ता/-
सहायक नियंत्रक (परीक्षाएं)
सीबीसी–17112/12/0047/2526


## शब्द पहेली - 6034




**बाएँ से दाए-**
1. पद्माकर, कमल सरोवर-5
4. इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6. देवस्थान, मंदिर-2
7. शिव आवास-3
8. उत्तम, सज्जन-2
10. पति, शोहर-3
11. दमकना-4
14. टीस, पीड़ा-3
16. झरने की आवाज-4
17. आशा, इच्छा-2
18. संध्या, शाम-2
19. निराकार, भगवान-4
21. बुझाना, शांति-3
22. अभिप्राय-4
24. आंचल-3
25. घोड़ागाड़ी-2
27. उष्ण-3
28. पिता के पिता-2
29. पंक्ति-3
30. तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**
1. कथा कहने वाला-5
2. चित, जी-2
3. कार्यशाला, यंत्रालय-4
4. माहिर, दक्ष-3
5. आकाश, गगन-2
7. कारावास-2
9. योग्य-3
12. अनुमान, अंदाज-3
13. झगड़ा, कहासुनी-4
15. मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16. पक्षियों का शोर-4
17. राहत, विश्राम -3
18. मुसीबत, आफत -3
20. होशियार, चेतावनी-5
21. नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23. मगरमच्छ-3
24. दर, मूल्य-2
26. भूमि, धरती-2
28. पिता के पिता-2

### शब्द पहेली -6033 का हल










## राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने घोषणा पत्र जारी किया

# बिहार के विकास का ब्लू प्रिंट जनता के सामने रखा, गरीबों को ध्यान में रख 'पंचामृत गारंटी' की घोषणा की, सभी को साधने की कोशिश

एजेंसी ▶▶ पटना

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने अपना घोषण पत्र जारी कर दिया है। पटना के एक बड़े होटल में एनडीए के सभी घटक दलों के प्रमुख नेता ने मिलकर 'संकल्प पत्र 2025' के नाम से घोषणा पत्र जारी किया। सीएम नीतीश कुमार, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, चिराग पासवान और सांसद उपेंद्र कुशवाहा, बिहार भाजपा के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा की मौजूदगी में जारी किए गए घोषणा पत्र को विकसित बिहार का ब्लू प्रिंट बताया गया। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने एनडीए की ओर से घोषणा पत्र के बारे में जानकारी दी।

### एनडीए के सभी सहयोगी दल रहे मौजूद , उपमुख्यमंत्री सम्राट ने दी जानकारी



एनडीए का मेनिफेस्टो जारी करते भाजपाध्यक्ष नड्डा और साथ में सभी सहयोगी दल मौजूद रहे।

#### पंचामृत गारंटी में ये मुद्दे किए शामिल

एनडीए ने अपने संकल्प पत्र में बिहार के गरीब वर्ग पर भी ध्यान दिया है। एनडीए ने गरीबों को ध्यान में रखते हुए पंचामृत गारंटी की घोषणा की है। एनडीए ने पंचामृत गारंटी के तहत पांच गारंटियां दी हैं, जो सिर्फ गरीबों के लिए लागू की जाएंगी। जिन 5 गारंटियों की एनडीए बात कर रही हैं उसमें मुफ्त राशन, 125 यूनिट मुफ्त बिजली, पांच लाख रुपए तक का मुफ्त उपचार, 50 लाख पक्के मकान और सामाजिक सुरक्षा पेंशन सुनिश्चित किए जाने की बात कही है।

### एक करोड़ से अधिक नौकरी और रोजगार देने का संकल्प

चौधरी ने कहा कि 5 साल में बिहार को एक औद्योगिक हब के रूप में डेवलप किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने युवा, महिला, गरीब, दलित, अतिपिछड़ों पर फोकस किया। हम लोगों ने एक करोड़ से अधिक नौकरी और रोजगार देने का संकल्प लिया है। महिला रोजगार के लिए महिलाओं को 2लाख तक की सहायता राशि एनडीए सरकार देगी। एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का काम एनडीए सरकार करेगी।

#### अतिपिछड़ा समाज के कामगार वर्गों को 10 लाख रुपए की मदद

चौधरी ने कहा कि हमलोगों की सरकार बनी तो हमलोग मिशन करोड़पति भी शुरू करेंगे। महिलओं को करोड़पति बनाने की दिशा में काम करेंगे। अतिपिछड़ा समाज के कामगार वर्गों को 10 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। अभी केंद्र सरकार किसानों को छह हजार दे रही है। अब एनडीए सरकार बिहार के किसानों को 3 हजार रुपए देगी। हर साल अब किसानों को 9 हजार रुपए दिए जाएंगे। इसे कर्पूरी ठाकुर किसान सम्मान का नाम दिया गया है।

### इंडी गठबंधन ने जमीनें हड़पी, चारा भी खाया



गड़हनी में रैली के दौरान यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इंडी गठबंधन इसलिए आया है जिससे वे गरीबों के राशन पर डकैती डाल सकें। गरीबों के राशन को तो उन्होंने खाया ही, पशुओं का चारा भी खा गए। ये नौकरी के नाम पर जमीन को हड़पने का काम किया। किसानों की भूमि पर कब्जा किया।

**अब यूपी में दंगा नहीं, सब चंगा**

सिवान के रघुनाथपुर में योगी ने कहा, बिहार के अंदर हर पेशेवर माफिया और अपराधी आरजेडी और कांग्रेस का शागिर्द है। अब यूपी में दंगा नहीं सब चंगा है।

**अब लाल सलाम नहीं, जय श्री राम का नारा गूंजेगा**

इस दौरान योगी ने अपनी रैली में कहा कि बिहार में अब लाल सलाम नहीं, जय श्री राम का नारा गूंजेगा।

### 3 साल के तेज प्रताप को दान में मिली 13 एकड़ जमीन

यह तेज प्रताप यादव की और बृज बिहारी सिंह की पत्नी रमा देवी की। तेज प्रताप की उम्र उस समय महज तीन साल थी। रमा देवी भी तब सिर्फ बृज बिहारी



की पत्नी तक सीमित थी। तब सुशील मोदी ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि रमा देवी ने लालू के बेटे तेज प्रताप के नाम 13 एकड़ जमीन कर दी थी। एक दस्तावेज भी दिखाया गया। दस्तावेज में लिखा था कि तेज प्रताप को मुजफ्फरपुर के किशनगंज मौजा में स्थित दो भूखंड तोहफे के रूप में दिए जा रहे हैं। एक भूखंड का रकबा 9 एकड़ 24 डिसमिल है और दूसरे का 3 एकड़ 88 डिसमिल।

### मोंथा के कारण नहीं उड़ पाए नीतीश व तेजस्वी



पटना समेत अन्य स्थानों पर मोंथा का असर।

बिहार में चक्रवाती तूफान मोंथा का असर जारी है। पिछले 24 घंटे से पटना समेत कई जिलों में लगातार बारिश हो रही है। शुक्रवार को पूरे बिहार के अधिकांश जगहों पर बारिश का अलर्ट जारी किया गया था। पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 1 नवंबर को पूरे बिहार में बारिश के आसार हैं।

---

#### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु होंगी मुख्य अतिथि

## पतंजलि विवि का द्वितीय दीक्षांत समारोह दो नवम्बर को होगा

**हरिद्वार।** पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार एक बार फिर ज्ञान, संस्कृति और साधना के संगम का साक्षी बनने जा रहा है। विश्वविद्यालय



अपने द्वितीय दीक्षांत समारोह की भव्य तैयारियों में जुटा हुआ है, जो आगामी 2 नवम्बर 2025 को विश्वविद्यालय के मुख्य सभागार में प्रातः 10:30 बजे आयोजित होगा। इस अवसर पर देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के रूप में पधारेंगी और विद्यार्थियों को प्रेरणादायी दीक्षांत संबोधन देंगी।

#### 54 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण दिए जाएंगे

समारोह में पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति स्वामी रामदेव तथा पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण अपने मार्गदर्शन और सान्निध्य से समारोह की गरिमा बढ़ाएँगे। इस अवसर पर उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि.) गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित रहेंगे। समारोह में 54 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे, 62 शोधार्थियों को पीएच.डी., 3 विद्वानों को डी.लिट. की उपाधि दी जाएगी।

### व्यवसाय तीन साल से लंबित जीएसटी रिटर्न नहीं भर पाएंगे : जीएसटीएन

**नई दिल्ली।** जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने शुक्रवार को कहा कि व्यवसाय नवंबर कर अवधि से तीन साल या उससे अधिक समय के लिए देय जीएसटी रिटर्न दाखिल नहीं कर पाएंगे। जीएसटीएन (जो प्रौद्योगिकी क्षेत्र की रीढ़ है) ने एक परामर्श में कहा कि सभी जीएसटी-पंजीकृत व्यवसायों के लिए मासिक, त्रैमासिक और वार्षिक रिटर्न नियत तिथि से तीन साल की समाप्ति के बाद दाखिल करने पर रोक लगा दी जाएगी। जीएसटीएन ने कहा, " यह प्रतिबंध जीएसटी मंच पर नवंबर 2025 कर अवधि से लागू किया जाएगा, जिसका मतलब है कि कोई भी रिटर्न जिसकी देय तिथि तीन साल या उससे अधिक पहले थी और नवंबर कर अवधि तक दाखिल नहीं किया गया है।

#### पंचकूला में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

## अल्केमिस्ट, ओजस हॉस्पिटल के 127 करोड़ के शेयर अटैच

### बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी और सार्वजनिक धन के दुरुपयोग का मामला

एजेंसी ▶▶ पंचकूला

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में 127.3 करोड़ रुपए के शेयर अटैच किए हैं। ईडी के दिल्ली जोनल ऑफिस ने करण दीप सिंह के दो अस्पतालों पर कार्रवाई की है। ये दोनों अस्पताल पंचकूला में हैं। ईडी ने अल्केमिस्ट हॉस्पिटल और ओजस हॉस्पिटल के 127.3 करोड़ के शेयरों को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत गुरुवार को अनंतिम रूप से कुर्क किया है। कुर्की मेसर्स अल्केमिस्ट ग्रुप के निदेशकों, प्रमोटरों और इससे जुड़ी संस्थाओं के खिलाफ धन शोधन की जांच चल रही है। यह जांच बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी और सार्वजनिक धन के दुरुपयोग से जुड़ी है।

#### कोलकाता पुलिस की एफआईआर पर की कार्रवाई



शुरुआत में कोलकाता पुलिस ने और बाद में सीबीआई और एसीबी लखनऊ ने इस मामले में एफआईआर दर्ज की थी। मेसर्स अल्केमिस्ट टाउनशिप प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स अल्केमिस्ट इंफ्रा रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ आईपीसी की धारा 120-बी और 420 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसी के आधार पर ईडी ने जांच शुरू की थी। इस मामले में कंवर दीप सिंह और अलकेमिस्ट समूह के अन्य प्रमोटर/निदेशक आरोपी थे।

**मामला धोखाधड़ी से जुड़ा**

यह मामला धोखाधड़ीपूर्ण सामूहिक निवेश योजनाओं के जरिए अवैध रूप से धन जुटाकर, उच्च रिटर्न की पेशकश करके, और/या प्लॉट, फ्लैट और विला आवंटित करने के झूठे वादे करके निवेशकों को धोखा देने की आपराधिक साजिश से संबंधित है। इन भ्रामक निवेश योजनाओं से गड़बड़ किया।

### चेन्नई ईडी कार्यलय को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**चेन्नई।** चेन्नई स्थित शास्त्री भवन में ईडी के ऑफिस को



आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी दी गई है। ये धमकी ई-मेल के माध्यम से दी गई। इसमें दावा किया गया कि सरकार के मंत्री केएन नेहरू केस को लेकर यह धमकी दी जा रही है। नेहरू की कंपनी की ईडी मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही थी। जांच के दौरान ईडी को तमिलनाडु के कैश फॉर जॉब घोटाले के बारे में जानकारी मिली थी। इसके बाद ईडी ने 232 पेज का पत्र लिखकर पुलिस से मामले की जांच करने के लिए कहा था।




चिंतन

## आतंकवाद से निपटने को एकजुट हो दुनिया

भारत हमेशा से ही मानता रहा है कि आतंकवाद न केवल पूरी दुनिया बल्कि मानव सभ्यता के लिए घातक है, लेकिन अनेक देश तेरा आतंकवाद, मेरा आतंकवाद की सोच को लेकर इसके पोषण में लगे रहे। यही कारण रहा है कि आतंकी संगठन इतने मजबूत हो गए कि अनेक देशों का राजतंत्र ही उनके हाथों में चला गया। ऐसा ही एक आतंकी संगठन है अलकायदा। ये आतंकी संगठन अब अफ्रीका महाद्वीप में स्थित माली पर कब्जे के करीब पहुंच गया है। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि कुछ ही दिनों में माली की सत्ता अलकायदा के हाथों में होगी। यह देश लंबे समय से आतंकी हिंसा और नाकेबंदी का सामना कर रहा है। माली में नागरिक सरकार के पतन के बाद विद्रोहियों ने रूस और चीन की मदद से सरकार चलाने की कोशिशें की थी, लेकिन वो नाकाम रहे। इस बीच अलकायदा के आतंकवादियों ने मौका देखकर राजधानी बमाको को घेर लिया। उन्होंने राजधानी में ईंधन की सप्लाई रोक दी है। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि जल्द ही बमाको पर अलकायदा कब्जा कर लेगा। इसी के साथ पूरा माली उनके नियंत्रण में होगा। दर्जनों देशों अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया ने अपने नागरिकों को तुरंत माली छोड़ने को कहा है। पश्चिम अफ्रीका में स्थित माली चारों ओर से जमीन से घिरा देश है जिसकी सीमाएं अल्जीरिया, नाइजर, बुर्किना फ़ासो, कोट डी आइवर, गिनी, सेनेगल और मॉरिटानिया से लगती हैं। अल-कायदा से जुड़े एक आतंकवादी समूह, जमात नुसरत अल-इस्लाम वाल-मुस्लिमीन ने सितंबर में ईंधन नाकेबंदी की घोषणा की थी। इसके बाद से ही माली एक अभूतपूर्व संकट की चपेट में है। किसी भी समय अलकायदा इस पर कब्जे का ऐलान करने वाला है। अलकायदा 1988 में ओसामा बिन लादेन और उसके सहयोगी मोहम्मद अतेफ द्वारा सोवियत आक्रमण के खिलाफ अफगानिस्तान में लड़ने वाले अरबों को एक साथ लाने के लिए बनाया गया था। यह वैश्विक नेटवर्क के लिए एक केंद्र बिंदु के रूप में कार्य करता है। इसके 60 से अधिक देशों में आतंकवादी सेल शामिल हैं। अलकायदा ने अफगानिस्तान, पाकिस्तान और संयुक्त राज्य अमेरिका विशेष रूप से ब्रुकलिन में अलकिफा शरणार्थी केंद्र सहित दुनिया के विभिन्न हिस्सों में कार्यालय बना रखे बताए जा रहे हैं। पश्चिम के प्रभाव के खिलाफ इस्लामिकता को जोर देने वाले इस संगठन की वैश्विक पहुंच है। अल्जीरिया, मिस्र, मोरक्को, तुर्की, जॉर्डन, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, सीरिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, मलेशिया, म्यांमार, इंडोनेशिया, फिलीपींस का मिंडानाओ, लेबनान, इराक, सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन, यमन, लीबिया, ट्यूनीशिया, बोस्निया, कोसोवो, चेचन्या, दागिस्तान, सूडान, सोमालिया, केन्या, तंजानिया, अजरबैजान, इरिट्रिया, युगांडा, इथियोपिया, इसके सेल बताए जा रहे हैं। हाल की रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि अलकायदा ने रासायनिक और जैविक युद्ध के प्रयोग भी शुरू कर दिए हैं। वो अलग-अलग देशों में अपने कैंप में ऐसे प्रयोगों को कर रहा है, जो पूरी दुनिया के लिए घातक होंगे। इन्हें रोकने के लिए जरूरी है कि पूरी विश्व बिरादरी एकजुट होकर आतंकवाद का विरोध करे और इन संगठनों को खत्म करने के लिए एकजुट हो। नहीं तो वो दिन दूर नहीं, जब ये संगठन दुनियाभर में तबाही का कारण बनेंगे।



तकनीक
राजेश माहेश्वरी

# साइबर ठगी का फैल रहा जाल

साइबर ठग हर दिन देश में लोगों से करोड़ों रुपये ठग रहे हैं। भारत की डिजिटल प्रगति 2025 के अंत तक 90 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ताओं तक पहुंचने वाली है। इसकी वजह से एक ओर जहां समृद्धि और सुविधा आई है वहीं, दूसरी तरफ साइबर अपराधों में भी तेजी आई है। ऐसे में यदि दूरसंचार विभाग की कोशिश सिरे चढ़ती है तो इससे करोड़ों उपभोक्ताओं को सुरक्षा कवच मिल पाएगा। इसके साथ ही देश में डिजिटल साक्षरता की दिशा में व्यापक पहल करने की जरूरत है। जनजागरण अभियान चलाकर लोगों को बताया जाना चाहिए कि बैंक, सीबीआई, कोर्ट या अन्य प्रवर्तन एजेंसियां कभी फोन करके उनके बैंक खाते की जानकारी नहीं मांगती हैं।

देश में साइबर अपराधियों का जाल लगातार फैलता जा रहा है। जहां एक तरफ तकनीक लोगों की जिंदगी को आसान बना रही है, वहीं दूसरी ओर साइबर ठगी के मामलों में भी तेजी से इजाफा हो रहा है। साइबर ठग हर दिन देश में लोगों से करोड़ों रुपये ठग रहे हैं। भारत की डिजिटल प्रगति 2025 के अंत तक 90 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ताओं तक पहुंचने वाली है। इसकी वजह से एक ओर जहां समृद्धि और सुविधा आई है वहीं, दूसरी तरफ साइबर अपराधों में भी तेजी आई है।

2024 में साइबर अपराधों के कारण 22,812 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, जो 2023 में 7,496 करोड़ रुपये से लगभग तीन गुना और 2022 में 2,306 करोड़ रुपये से करीब 10 गुना अधिक है। पिछले चार वर्षों में, अपराधियों ने देशभर के आम लोगों और ऑनलाइन बिजनेस से कुल 33,165 करोड़ रुपये की ठगी की है। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल की एक रिपोर्ट बेहद चौंकाने वाली है, जिसमें देश के कुल 74 जिलों को साइबर ठगी के हॉटस्पॉट के रूप में चिह्नित किया गया है। इस साल एक जनवरी से चार मार्च तक के जुटाए गए आंकड़ों के आधार पर तैयार इस रिपोर्ट के मुताबिक, साइबर ठगी की ज्यादातर कॉल इन्हीं 74 जिलों से की जा रही हैं। इनमें 10 जिले बिहार के और सात झारखंड के हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इन 74 जिलों में हरियाणा का नूंह पहले स्थान पर, राजस्थान का डीग दूसरे स्थान पर, झारखंड का देवघर तीसरे स्थान पर, राजस्थान का अलवर चौथे स्थान पर और बिहार का नालंदा पांचवें स्थान पर है। अभी तक साइबर ठगी के लिए सर्वाधिक कुख्यात रहा जामताड़ा, जिस पर इसी नाम से वेब सीरीज भी बन चुकी है, सूची में 14वें स्थान पर है। रिपोर्ट हालांकि बताती है कि जामताड़ा अब पहले जैसा कुख्यात नहीं रहा और लगातार पुलिस कार्रवाई के बाद ठगों ने अपना ठिकाना बदल लिया है। लेकिन विगत दिसंबर में इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (आइ4सी) ने झारखंड पुलिस से जो सूचना साझा की थी, उसके मुताबिक, जामताड़ा, दुमका और देवघर के 300 फोन नंबरों से देश के दूसरे हिस्सों में साइबर ठगी को अंजाम दिया जा रहा है। साइबर ठगी के लिए कुख्यात बताए गए झारखंड के दूसरे जिले दुमका, धनबाद, गिरिडीह, रांची और हजारीबाग हैं। यह रिपोर्ट चिंताजनक है, जो बताती है कि देश में साइबर अपराध में हो रही वृद्धि के अनुरूप साइबर ठगी के ठिकाने भी देश भर में फैलते जा रहे हैं। एनसीआरबी (नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो) के मुताबिक, 2022 में साइबर अपराध के मामलों में 24.4 फीसदी की वृद्धि हुई थी। शायद ही कोई दिन ऐसा जाता होगा, जब कोई बुजुर्ग या आम लोग साइबर ठगी के शिकार न हुए हों। पिछले दिनों महाराष्ट्र में एक सेवानिवृत्त जज भी डिजिटल अरेस्ट स्कैम के शिकार हो गए। पिछले सप्ताह ऐसा ही एक अन्य दुखद मामला पुणे से सामने आया जब साइबरों ठगों ने एक 82 वर्षीय सेवानिवृत्त अधिकारी को डिजिटल अरेस्ट स्कैम में फंसाकर 1.19 करोड़ लूट लिए। कई दिन के मानसिक उत्पीड़न व आर्थिक क्षति से टूट गए वृद्ध की आखिर सदमे से मौत हो गई। यह विचारणीय पहलू है कि कैसे पढ़े-लिखे लोग साइबर ठगों की साजिश की गिरफ्त में आ जाते हैं। वैसे आम आदमी को साइबर ठगों व फर्जी



फोन कॉल्स से बचाने के लिए पुख्ता व्यवस्था होना बेहद जरूरी है। आम लोगों की सुविधा व सुरक्षा के लिए सरकार के प्रयासों के बाद अब दूरसंचार विभाग ने मार्च 2026 में ऐसी व्यवस्था लागू करने के तैयारी की, जिसमें बिना ट्रू-कॉलर के खुद मोबाइल अवांछित फोन के प्रति सजग करेगा। नियामक संस्था ट्राई ने इस प्रस्ताव पर सहमति जताई है। यह विडंबना ही कि जैसे-जैसे नई तकनीक आम आदमी के जीवन में सुविधा लाती है, वहीं असामाजिक तत्व उसे लूट-खसोट का हथियार बनाने में आगे निकल जाते हैं। देश में इंटरनेट सेवाओं के विस्तार और मोबाइल फोन की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि के साथ ही साइबर अपराधों में खासी तेजी आई है। जरा सी चूक होने पर लाखों लोग, साइबर धोखाधड़ी में अपने जीवनभर की पूंजी कुछ ही क्षणों में गंवा देते हैं। अपराधियों का संजाल इतना विस्तृत व रहस्यमय है कि प्रवर्तन एजेंसियां जब तक उन तक पहुंचती हैं, पैसा विदेशों में ट्रांसफर हो जाता है। इस संकट का एक पहलू अनजान नंबरों से आने वाली फोन कॉल्स होती हैं। दरअसल, संचार क्रांति के चलते तमाम सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हुई हैं, लेकिन इस सुविधा के साथ पुरानी पीढ़ी साम्य नहीं बैठा पाती है। वर्ष 2023 में साइबर ठगी के 7.9 करोड़ मामले देशभर में सामने आये थे। अभी डिजिटल अरेस्ट का खौफ ज्यादा है, लेकिन देश में डिजिटल भुगतान बढ़ने के बीच यूपीआई ठगी के मामले भी तेजी से बढ़े हैं। पिछले साल नवंबर में सरकार ने संसद में बताया कि वित्त वर्ष 2024 में यूपीआई धोखाधड़ी के मामलों में 85 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जाहिर है, ये आंकड़े जहां साइबर अपराध के खिलाफ सख्त कदम उठाने की जरूरत बताते हैं, वहीं लोगों से जागरूक होने की मांग भी करते हैं। साइबर ठगी के जाल में लोग हर पल फंस रहे हैं। ऑनलाइन बिजली का बिल भरने से लेकर होटल की बुकिंग तक में साइबर ठगों का जाल फैला हुआ है। जांच में सामने आया है कि ठगी का यह जाल बैंकों और टेलीकॉम कंपनियों की ढील से फैल रहा है, क्योंकि बैंक नियमों को ताक में रखकर बिना सत्यापन किए ही खाते खोल रहे हैं। साथ ही एसटीआर की जांच भी नहीं हो रही है। टेलीकॉम कंपनियां भी बिना संपूर्ण सत्यापन के सिम जारी कर रही हैं। खाते और नंबर के इन्हीं हथियारों का फायदा उठाकर ठग वारदात करते हैं। वहीं लोगों को ठगी का शिकार बनाने वाले अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस भी संख्या बल की कमी से जूझ रही है। इसी चुनौती को दूर करने के लिए दूरसंचार विभाग आम उपभोक्ता को ऐसी सुविधा देने जा रहा है, जिसमें फोन करने वाले को पहचाना जा सकेगा। फोन पर कॉल करने वाले व्यक्ति का नाम लिखा नजर आएगा। फिर व्यक्ति अपनी सुविधा अनुसार फोन कॉल्स लेना तय कर सकता है। दूरसंचार नियामक ट्राई की मंजूरी के बाद इस दिशा में तेजी से काम हो रहा है। हालांकि, फोन करने वाले व्यक्ति की जानकारी जुटाने के कई ऐप अभी भी मौजूद हैं, लेकिन उनका उपयोग कुछ ही लोग कर पाते हैं। वैसे ऐसा निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि ऐप द्वारा दी जाने वाली सूचना सटीक है। ऐसे में यदि दूरसंचार विभाग की कोशिश सिरे चढ़ती है तो इससे करोड़ों उपभोक्ताओं को सुरक्षा कवच मिल पाएगा। इसके साथ ही देश में डिजिटल साक्षरता की दिशा में व्यापक पहल करने की जरूरत है। विभिन्न सूचना माध्यमों के जरिए लोगों को सजग-सतर्क किए जाने की आवश्यकता है। जनजागरण अभियान चलाकर लोगों को बताया जाना चाहिए कि बैंक, सीबीआई, कोर्ट या अन्य प्रवर्तन एजेंसियां कभी फोन करके उनके बैंक खाते या अन्य मामलों की जानकारी नहीं मांगती हैं। ऐसे फर्जी कॉल्स की प्रमाणिकता की पुष्टि करने के लिए हेल्पलाइन सुविधाओं में विस्तार करने की भी जरूरत है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

स्थापना दिवस
डॉ. बलराम शर्मा




## मेहनतकश स्वभाव ने हरियाणा को विकास के शीर्ष पर पहुंचाया

भारत के प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन, 1857 से पूर्व हरियाणा क्षेत्र औपनिवेशिक भारत के पश्चिमी प्रांत का भाग था, जिसकी राजधानी आगरा हुआ करती थी। स्वतंत्रता संग्राम में इस क्षेत्र की सक्रिय भूमिका के कारण इसे दंडस्वरूप 1859 में पंजाब प्रांत में मिला दिया गया। हरियाणा की बोली, रीति-रिवाज और परंपराएं पश्चिमी उत्तर प्रदेश से मेल खाती थीं। इसी कारण पानीपत के नेता लाला देशबंधु दास गुप्ता ने 1932 में हरियाणा को पंजाब से अलग करने की मांग उठाई थी, परंतु औपनिवेशिक शासन ने इसे स्वीकार नहीं किया। स्वतंत्रता के बाद संविधान सभा के सदस्यों पंडित ठाकुरदास भार्गव और चौधरी रणबीर सिंह ने भी अलग हरियाणा राज्य की मांग की थी, किंतु तत्कालीन केंद्रीय गृहमंत्री ने इसे अस्वीकार कर दिया। 1953 में राज्य पुनर्गठन आयोग के गठन के बाद चौधरी देवीलाल, पंडित भगवत दयाल शर्मा और प्रोफेसर शेर सिंह जैसे नेताओं ने यह मांग दोबारा उठाई। उनका तर्क था कि हरियाणा की भाषा और संस्कृति पंजाब से भिन्न है तथा पंजाब सरकार विकास कार्यों, राजनीतिक भागीदारी और सरकारी नौकरियों में हरियाणा क्षेत्र के साथ भेदभाव करती है। इसी आधार पर पंडित श्रीराम शर्मा के नेतृत्व में 'हरियाणा प्रांत फ्रंट' ने भी आयोग के समक्ष यह मांग रखी। राज्य पुनर्गठन आयोग ने 1955 में अपनी रिपोर्ट में यह कहकर इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया कि हरियाणा क्षेत्र एक अलग राज्य के रूप में अपनी वास्तविकता या औपनिवेशिक शिकायतों का समाधान नहीं कर सकता। इसके बाद भारत सरकार ने 1956 में 'रीजनल फॉर्मूला' लागू किया और पंजाबी तथा हिंदी भाषी क्षेत्रों के लिए अलग क्षेत्रीय समितियां बनाई गईं। इसे अकाली दल और हरियाणा के नेताओं ने स्वीकार कर लिया था। 1957 में आर्य समाज और जनसंघ द्वारा चलाए गए 'हिंदी रक्षा आंदोलन' के विरोध से 1959 में पंजाबी सूबे की मांग पुनः उठाई गई। इस पर विचार के लिए भारत सरकार ने लोकसभा के पूर्व स्पीकर सरदार हुकम सिंह की अध्यक्षता में संसदीय समिति गठित की। चौधरी देवीलाल और पंडित भगवत दयाल शर्मा के नेतृत्व में सर्वदलीय समिति ने हरियाणा राज्य की मांग दोहराई। इस प्रस्ताव में पंजाब का हरियाणा क्षेत्र, पश्चिमी उत्तर प्रदेश तथा राजस्थान के अलवर, धौलपुर और भरतपुर जिलों को मिलाकर हरियाणा राज्य बनाने तथा दिल्ली को उसकी राजधानी घोषित करने की अनुशंसा की गई। समिति ने 1966 में अपनी रिपोर्ट में सुझाव दिया कि पंजाबी भाषी क्षेत्र को 'पंजाब', पहाड़ी क्षेत्र को 'हिमाचल प्रदेश' और हिंदी भाषी क्षेत्र को 'हरियाणा' बनाया जाए। भारत सरकार ने इस अनुशंसा को स्वीकार करते हुए 1 नवंबर 1966 को स्वतंत्र हरियाणा राज्य की स्थापना की। चंडीगढ़ को केंद्र शासित प्रदेश बनाते हुए पंजाब और हरियाणा, दोनों की राजधानी घोषित किया गया। राज्य गठन के बाद पंडित भगवत दयाल शर्मा और चौधरी बंसीलाल ने 1966 से 1975 के बीच हरियाणा को एक विकसित राज्य के रूप में उभारने का प्रयास किया।

हरियाणा की जनप्रिय जनता का सहयोग भी इस विकास यात्रा में सराहनीय रहा है। आज हरियाणा खेलों में देश का अग्रणी राज्य है। खेल प्रतिभाओं की दृष्टि से हरियाणा देश में दूसरे स्थान पर और कुश्ती में प्रथम स्थान पर है। करनाल जिला 'धान का कटोरा' कहलाता है और यहां का धान विश्वविख्यात है। करनाल में एशिया की सबसे बड़ी डेयरी 'एनडीआरआई' स्थित है। कुरुक्षेत्र जिले में ही महाभारत का प्रसिद्ध युद्ध हुआ था, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था। हरियाणा के पानीपत में तीन ऐतिहासिक युद्ध लड़े गए-पहला 1526 ईस्वी में बाबर और इब्राहिम लोदी के बीच, दूसरा 1556 में अकबर और हेमू के बीच, तथा तीसरा 1761 में मराठा साम्राज्य और अहमद शाह दुर्रानी के बीच। हिसार जिला अपने इस्पात उद्योग के कारण 'स्टील सिटी' कहलाता है। फरीदाबाद में हर वर्ष विश्वविख्यात 'सूरजकुंड मेला' आयोजित किया जाता है। सिरसा जिला सर्वाधिक रक्तदान के लिए विश्व प्रसिद्ध है। जींद को 'हरियाणा का दिल' कहा जाता है। कैथल को भगवान हनुमान की जन्मभूमि 'कपिस्थल' के रूप में जाना जाता है। हरियाणा ऐसा राज्य है जहां लगभग हर चार किलोमीटर पर भाषा और बोली में परिवर्तन देखा जा सकता है। सैनिक सेवा में भी यह राज्य सदैव अग्रणी रहा है। राज्य का कुल क्षेत्रफल 44,212 वर्ग किलोमीटर है। हरियाणा में सभी धर्मों, जातियों, समुदायों और संप्रदायों के लोग प्रेम और सौहार्द से रहते हैं। यहां का प्रमुख भोजन दूध और दही है। इसी सरल जीवनशैली और मेहनतकश स्वभाव ने हरियाणा को विकास के शीर्ष पर पहुंचा दिया है।

(लेखक सहायक प्राध्यापक डीएवी कॉलेज करनाल हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## योगः कर्मसु कौशलम



संकलित
दर्शन

चित्तवृत्ति का भगवान में विलीन हो जाना योग है। यह महायोग बनता है भगवान की अहैतुकी कृपा से! श्रीरामचरितमानस में जहां भी योग है, वह केवल ईश्वर विषयक ही है। उसका सात्विक प्रयोजन और कोई नहीं है। श्री भरत चित्रकूट में भगवान के हृदय से मिलकर शून्य स्थिति को प्राप्त हो गए। न बुद्धि की सत्ता रही, न मन की चंचलता। चित्त में कोई संस्कार शेष न रहा। यही स्थिति योगी की होती है। वह योग करते-करते ईश्वर से एकाकार होकर प्रेम रस से भर जाता है। उसकी वाणी अवरुद्ध हो जाती है और मन रिक्त हो जाता है। भक्त का योग जब भगवान से होता है, मन, बुद्धि और चित्त के साथ साधन अहं शून्य हो जाता है। मन, बुद्धि, चित्त और अहं की स्वीकृति केवल साधन काल में ही होती है, पर साध्य की परम प्राप्ति में इनकी विस्मृति ही योग है। श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 18 अध्याय योग हैं। अर्जुन विषाद योग से प्रारंभ होकर गीता की 18 योगों की नदियां मोक्ष संन्यास योग बनकर श्रीकृष्ण समुद्र में जाकर पूर्णता को प्राप्त हो जाती हैं। द्वापर में जितना भार श्रीकृष्ण ने उठाया, उतना त्रेता में श्रीराम को नहीं उठाना पढ़ा, क्योंकि श्रीराम के साथ के लोग अनुकूल थे। उनका काल उनके अनुकूल था, जबकि भगवान कृष्ण को तो सारी गीता सुना-समझाकर, अपनी योगस्थिति को बाजी पर लगाकर अर्जुन से कहना पड़ा कि जितने धर्म मैंने तुझे बताए हैं, तू उन सबको छोड़कर मेरी शरण में आ जा, मैं तुझे सारे पापों से मुक्त कर तुझे भी मुक्त कर दूंगा।


## तुलसीदास ने की विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गयी और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता था: राम राम! श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। फिर उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद पवाया, जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितो ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा वह उपाय कहिये? इसपर ब्राह्मणों ने कहा: यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहाँ शर्त रखी गयी थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहा: हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिये। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया। इस चमत्कार को देखकर सभी श्री रामचंद्र जी की एवं रामनाम की जय जयकार करने लगे और श्रीतुलसीदास जी की नामनिष्ठा पर बलिहार हो गए।

अंतर्मन




आज की पाती

### अपशिष्ट प्रबंधन के ठोस उपाय करना जरूरी

कम करें, पुनः उपयोग करना, रीसायकल करना एक ऐसा टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन है, जो सामाजिक रूप से स्वीकार्य और पर्यावरण के अनुकूल है। अपशिष्ट उत्पाद आज दुनिया की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। यह दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करने वाले प्रदूषण का कारण बनता है। कम करना, पुनः उपयोग करना और रीसायकल करना भूमि, वायु और जल प्रदूषण के सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक को खत्म करने के तीन बेहतरीन तरीके हैं। कम करने का मतलब है कि अपशिष्ट की मात्रा कम हो जाती है। अपशिष्ट में कमी का सीधा मतलब है उन चीजों को कम करना जिन्हें हम उपयोग करते हैं और केवल वही उपयोग करते हैं जो आवश्यक है।

-उमेश वर्मा, भाटापारा

ट्रेंड

### पटेल को श्रद्धांजलि



केवड़िया में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' पर सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की। दुनिया की सबसे ऊँची प्रतिमा के रूप में स्थापित, यह राष्ट्रीय गौरव और सरदार पटेल के सपनों को साकार करने के सामूहिक संकल्प का प्रतीक है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### लालू परिवार सबसे भ्रष्ट



लालू परिवार बिहार का सबसे भ्रष्ट परिवार है। चारा घोटाला, अलकतरा घोटाला, नौकरी के बदले जमीन हड़पने का घोटाला हुआ। सारा परिवार बेल पर है, मित्रों जो लोग बेल पर हो और कल जेल जाने को तैयार हो वह आपकी क्या सेवा करेंगे?

- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### बिहार की तक़दीर



बिहार के लोग जहां भी जाते हैं, अपनी मेहनत और काबिलियत से शहरों की तक़दीर बदल देते हैं। फिर बिहार की तक़दीर क्यों नहीं बदल रही? पिछले 20 सालों से बीजेपी–जदयू ने बिहार के युवाओं से हर अवसर, हर उम्मीद छीन कर उन्हें या तो मजबूर बनाया है, या मज़दूर।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### बांग्लादेश का राष्ट्रगान



जब बांग्लादेश के कुछ विशेष लोग यह कह रहे हैं कि पूर्वोत्तर भारत बांग्लादेश का हिस्सा है, तब असम कांग्रेस के नेता कार्यक्रम में बांग्लादेश का राष्ट्रगान गा रहे हैं। यह कोई संयोग नहीं है, इसकी जाँच होनी चाहिए!

- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम

करंट अफेयर

## शाही परिवार ने प्रिंस एंड्रयू से सभी उपाधियां वापस ली



ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स ने अपने भाई प्रिंस एंड्रयू से सभी शाही उपाधियां और सम्मान वापस लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बकिंघम पैलेस ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि अब उन्हें केवल "एंड्रयू माउंटबैटन विंडसर" के नाम से जाना जाएगा। यह कदम वर्जीनिया ज्यूफ्रे की मरणोपरांत प्रकाशित आत्मकथा 'नोबॉडीज़ गर्ल' के जारी होने के बाद उठाया गया है। इस पुस्तक में ज्यूफ्रे ने जेफ्री एप्सटीन और गिसलेन मैक्सवेल के लिए दो वर्ष तक "यौन दास" के रूप में बिताए अपने जीवन का विस्तृत विवरण दिया है। 41 वर्षीय ज्यूफ्रे ने इस वर्ष अप्रैल में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के अपने फार्महाउस में आत्महत्या कर ली थी। महाराजा चार्ल्स के आदेश के तहत, एंड्रयू को रॉयल लॉज आवास खाली कर निजी आवास में स्थानांतरित होना होगा। बकिंघम पैलेस के बयान में कहा गया कि यह निर्णय राजघराने की गरिमा और जवाबदेही को ध्यान में रखकर लिया गया है। ज्यूफ्रे के परिवार ने एक बयान में कहा, "आज वह अपनी सच्चाई और अद्भुत साहस के साथ एक ब्रिटिश राजकुमार को गिराने में सफल रही– यह उसकी जीत है।" ब्रिटिश इतिहासकार एंड्रयू लाउनी ने हाल में कहा था कि "जब तक एंड्रयू अपने सभी शाही सम्मान छोड़कर रॉयल लॉज से बाहर नहीं जाते, यह विवाद खत्म नहीं होगा।"

ऑफ बीट

## क्या तकनीक हमारी हवा को साफ़ कर सकती है



2018 में, घर में हवा को साफ करने के उद्देश्य से उत्पादों के साथ–साथ वायु–गुणवत्ता सेंसर में रुचि को बढ़ावा मिला। मुझे तब आश्चर्य हुआ कि क्या वायु निस्पंदन यूरोप में गति पकड़ेगा और क्या यह पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ या सामाजिक रूप से न्यायसंगत है। वह पूर्व–कोविड का समय था। जबकि इनडोर एयर फिल्टर अभी भी सर्वव्यापी नहीं हैं, मैंने 2018 में जितना अनुमान लगाया था उससे कहीं अधिक आज मैं देख रहा हूं। मेरा भविष्य का अनुमान लगाने का कौशल बहुत खराब है। यह सब मायने रखता है क्योंकि, विभिन्न इंजीनियरिंग सफलताओं को देखते हुए, अधिकांश अमीर देशों में दहन से "पारंपरिक" वायु प्रदूषण कणों (तथाकथित पीएम 2.5) का उत्सर्जन एक सदी या उससे अधिक में सबसे कम है। वायु प्रदूषण के प्रमुख स्रोत बदल रहे हैं, वाहन उत्सर्जन में सुधार हो रहा है और नियंत्रण के लिए कम बड़े औद्योगिक उत्सर्जक बचे हैं। वायु प्रदूषण सार्वजनिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाला सबसे बड़ा वैश्विक पर्यावरणीय कारक बना हुआ है, लेकिन दैनिक जीवन में प्रदूषण और इसके बारे में क्या करना है, इस पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# भगवान पर अटूट आस्था से उबरने में मदद मिली : जेमिमा

एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई



अपने नाबाद शतक से भारत को वनडे विश्व कप फाइनल में ले जाने के बाद भावनाओं पर काबू पाने की कोशिश करते हुए जेमिमा रौड्रिग्स ने कहा कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में हरमनप्रीत कौर के आउट होने के बाद उन्हें फिर से फोकस करने में मदद मिली।

दबाव में बेहतरीन पारी खेलते हुए जेमिमा ने 134 गेंद में नाबाद 127 रन बनाए, जिसकी मदद से भारत ने रिकॉर्ड 339 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आस्ट्रेलिया को हराया। अब फाइनल में सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। जेमिमा ने कहा,' मैं हैरी दी से कह रही थी कि हम दोनों को जीत तक ले जाना है।' उन्होंने कहा,' जब वह आउट हुई तो मुझे फिर से फोकस करने में मदद मिली क्योंकि थकान के कारण मेरी एकाग्रता टूट रही थी। हरमन के आउट होने के बाद मुझे लगा कि अतिरिक्त जिम्मेदारी से खेलना होगा। मैंने खुद से कहा कि वह आउट हो गई है तो उसके लिए मैं ही रन बनाऊंगी , मुझे टिककर खेलना है।' जेमिमा ने कहा,' इससे मेरा फोकस फिर बना और मैं समझदारी से खेलने लगी।' जेमिमा ने कहा कि भगवान पर अटूट आस्था से उन्हें बेचैनी से उबरने में मदद मिली

### थकान के कारण खेले कुछ पेचीदा शॉट

जेमिमा ने कहा कि भगवान पर अटूट आस्था से उन्हें बेचैनी से उबरने में मदद मिली। उन्होंने कहा, 'मैं प्रार्थना कर रही थी। मैं खुद से बात कर रही थी क्योंकि काफी ऊर्जा खत्म हो चुकी थी । मैं थक गई थी और इसकी वजह से कुछ पेचीदा शॉट खेले। मैं सोच रही थी कि कैसे खेलूं। आक्रामक रहूं या अंत तक टिकी रहूं और मैंने सीखा कि अंत तक डटकर खेलना जरूरी था।' उन्होंने कहा,' मैं खुदा से बात कर रही थी क्योंकि मेरा मानना है कि मेरा उनसे निजी रिश्ता है और जब मैं खुद नहीं कर पाती तो वह मेरे लिए कर देते हैं।'

# हमारी टीम ऑस्ट्रेलियाई तेवरों के साथ नहीं खेल सकी : हीली

एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने भारतीय स्टार जेमिमा रौड्रिग्स की बेमिसाल मानसिक दृढ़ता की तारीफ की और कहा कि महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में उनकी टीम आस्ट्रेलियाई तेवरों के साथ नहीं खेल सकी। हीली ने कहा,' हम चार या पांच ओवर बाकी रहते मैच में थे लेकिन क्रिकेट में मजेदार चीजें होती रहती है। अगर आप विरोधी टीम पर पर्याप्त दबाव नहीं बना सकते तो ऐसा होता है। जेमिमा ने शानदार पारी खेली।' उन्होंने कहा कि आस्ट्रेलियाई टीम ने कई गलतियां की, जो आम तौर पर टीम नहीं करती है।



### जेमिमा की मानसिक दृढ़ता बेमिसाल

एलिसा हीली ने कहा, 'हमने कई बार जरूरत से ज्यादा खराब गेंदें फेंकी और शायद हमने जो मौके बनाए, उनका फायदा नहीं उठा पाए। हम आम तौर पर जितने आक्रामक होते हैं, उतने आक्रामक नहीं थे और यह आस्ट्रेलियाई टीम जैसा प्रदर्शन नहीं था। यह जानते हुए कि हमने इस विश्व कप में कितना अच्छा खेला है, मुझे निराशा हो रही है ।' उन्होंने कहा, 'हमने उसे कुछ मौके दिए, जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा। उसने शानदार पारी खेली। उसकी मानसिक दृढ़ता बेमिसाल थी और उसे इसका पूरा श्रेय जाता है।' हीली ने कहा कि उनकी टीम ने जो कैच टपकाए , उससे मैच की तस्वीर बदल गई ।

## भारत को चार विकेट से हराकर ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला में 1-0 से आगे

# टीम इंडिया को 17 साल बाद मिली मेलबर्न में हार, अभिषेक की टी20 में छठी फिफ्टी

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

जॉश हेजलवुड की कमाल की बॉलिंग के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरे टी20 मुकाबले में चार विकेट से हरा दिया। मेलबर्न में खेले गए मैच में भारतीय बैटिंग 18.4 ओवर में 125 रन पर ढेर हो गई। अभिषेक शर्मा ने 68 रन की पारी खेलकर टीम को 100 के पार पहुंचा दिया। इस दौरान अभिषेक शर्मा ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना पहला अर्धशतक जड़ा। इसके साथ ही टीम इंडिया को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में 17 साल के बाद टी20 में हार का सामना करना पड़ा है। इससे पहले भारत मेलबर्न में आखिरी बार 2008 में टी-20 मैच हारा था। ऑस्ट्रेलिया ने कप्तान मिचेल मार्श के 46 रनों की पारी के दम पर 13.2 ओवर में ही जीत हासिल कर ली। भारत की तरफ से केवल अभिषेक और हर्षित राणा (35) ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके। इन दोनों के बाद सात रन के साथ अक्षर पटेल सर्वोच्च स्कोरर रहे। चार भारतीय बल्लेबाजों के खाते नहीं खुले। अभिषेक ने इस बीच जबरदस्त बैटिंग की। उन्होंने टी20 इंटरनेशनल में छठी फिफ्टी ठोकी और 37 गेंद में आठ चौकों व दो छक्कों से 68 रन की पारी खेली।



### 2008 में हारा था आखिरी बार

इसके साथ ही टीम इंडिया को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में 17 साल के बाद टी20 में हार का सामना करना पड़ा है। इससे पहले भारत मेलबर्न में आखिरी बार 2008 में टी-20 मैच हारा था। इस मैदान पर सबसे छोटे फॉर्मेट में टीम इंडिया का रिकॉर्ड काफी अच्छा रहा है। यहां भारत ने अब तक 7 मैच खेले हैं, जहां उन्हें 4 मैचों में जीत मिली है और दो में हार का सामना करना पड़ा। वहीं एक मैच का कोई नतीजा नहीं निकला था। टीम इंडिया ने इस मैदान पर ऑस्ट्रेलिया को दो बार और पाकिस्तान और जिम्बाब्वे को एक-एक बार हराया है।

### टूट गया सूर्या का विनिंग स्ट्रीक

इसके साथ ही टीम इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव का भी लगातार 9 मैचों का विनिंग स्ट्रीक टूट गया। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया ने लगातार 9 मैचों में जीत दर्ज की है और अब 10वें मैच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। भारत के लिए कप्तान के तौर पर लगातार सबसे ज्यादा मैच जीतने का रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम है। रोहित की कप्तानी में टीम इंडिया ने 2019-2022 तक लगातार 14 मैच जीते थे। उनके ही कप्तानी में टीम इंडिया ने 2024 में 11 मैच अपने नाम किए थे।

### साल्ट-सूर्यकुमार के क्लब में शामिल हुए अभिषेक

इस मैच में अभिषेक शर्मा ने अपना अर्धशतक 23 गेंदों पर पूरा किया और टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में ये 7वां मौका था जब उन्होंने अपना अर्धशतक 25 से कम गेंदों पर पूरे किए। टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में इससे पहले सूर्यकुमार यादव और फिल साल्ट ने 7-7 बार 25 से कम गेंदों पर अर्धशतक लगाने का कमाल किया था। अब अभिषेक शर्मा इन दोनों खिलाड़ियों की बराबरी पर आ गए। अभिषेक ने इस मैच में 37 गेंदों पर 2 छक्के और 8 चौकों की मदद से 68 रन की पारी खेली। ये टी20आई में कंगारू टीम के खिलाफ उनका बेस्ट स्कोर भी रहा।

### मार्श-हेड की तूफानी बैटिंग

लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया को पहले दो ओवर में रन जुटाने में दिक्कत हुई। लेकिन इसके बाद ट्रेविस हेड (28) और मार्श ने हाथ खोले। दोनों ने कुछ बड़े शॉट्स लगाते हुए पांचवें ओवर में टीम को 50 के पार पहुंचा दिया। खतरनाक अंदाज में खेल रहे हेड तीन चौके व एक छक्के से सजी पारी खेलकर वरुण चक्रवर्ती की गेंद को उड़ाते हुए बाउंड्री पर तिलक वर्मा के हाथों लपके गए। मार्श ने पावरप्ले के बाद भारतीय स्पिनर्स के आने पर गियर बदला। उन्होंने आठवें ओवर में कुलदीप यादव को निशाने पर लिया और दो चौके व दो छक्के लगाकर कुल 20 रन बटोरे। लेकिन आखिरी गेंद पर अभिषेक शर्मा को कैच दे बैठे। उन्होंने 46 रन की पारी खेली। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई मिडिल ऑर्डर लड़खड़ा गया. टिम डेविड (1), मैथ्यू शॉर्ट (0) सस्ते में निपट गए। हालांकि जॉश इंग्लिस (20) और मिचेल ऑवन (14) की छोटी लेकिन उपयोगी पारियों से टीम लक्ष्य के करीब पहुंच गई। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने 26 रन, चक्रवर्ती ने 23 और कुलदीप यादव ने 45 रन देकर दो-दो शिकार किए।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| गिल का मार्श बो हेजलवुड | 05 | 10 | 0 | 0 |
| अभिषेक पगबाधा बो एलिस | 68 | 37 | 8 | 2 |
| सैमसन पगबाध बो एलिस | 02 | 04 | 0 | 0 |
| यादव का इंग्लिस बो हेजलवुड | 01 | 04 | 0 | 0 |
| तिलक का इंग्लिस बो हेजलवुड | 00 | 02 | 0 | 0 |
| अक्षर पटेल रन आउट | 07 | 12 | 0 | 0 |
| राणा का डेविड बो बार्टलेट | 35 | 33 | 3 | 1 |
| दुबे का इंग्लिस बो बार्टलेट | 04 | 02 | 1 | 0 |
| कुलदीप का सब बो स्टोइनिस | 00 | 05 | 0 | 0 |
| वरुण चक्रवर्ती नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |
| जसप्रीत बुमराह रन आउट | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 03, कुल योग : 18.4 ओवर में 125/10रन
गेंदबाजी : हेजलवुड 4-0-13-3, बार्टलेट 4-0-39-2, एलिस 3.4-0-21-2, स्टोइनिस 4-0-24-1, ओवेन 1-0-13-0, कुहनेमैन 2-0-14-0

| ऑस्ट्रेलिया | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मार्श का अभिषेक बो कुलदीप | 46 | 26 | 2 | 4 |
| हेड का तिलक बो चक्रवर्ती | 28 | 15 | 3 | 1 |
| इंग्लिस पगबाधा बो कुलदीप | 20 | 20 | 1 | 0 |
| डेविड का एवं बो चक्रवर्ती | 01 | 02 | 0 | 0 |
| ओवेन का सैमसन बो बुमराह | 14 | 10 | 0 | 1 |
| मार्कस स्टोइनिस नाबाद | 06 | 06 | 0 | 0 |
| मैथ्यू शॉर्ट बो बुमराह | 00 | 01 | 0 | 0 |
| जेवियर बार्टलेट नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 11 , कुल योग : 13.2 ओवर में 126/6 रन
गेंदबाजी : जसप्रीत बुमराह 4-0-26-2, हर्षित राणा 2-0-27-0, वरुण चक्रवर्ती 4-0-23-2, कुलदीप यादव 3.2-0-45-2.

## म्हात्रे ने लगाया तूफानी अर्धशतक, टेस्ट में की टी20 जैसी बल्लेबाजी



**बेंगलुरु।** युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने इंडिया ए के लिए खेलते हुए साउथ अफ्रीका ए के खिलाफ पहले अनाधिकारिक टेस्ट में तूफानी अर्धशतक लगाया। बेंगलुरु में खेले जा रहे मुकाबले के दूसरे दिन उन्होंने 76 गेंद में 65 रन की पारी खेली, जिसमें 10 चौके शामिल रहे। आयुष म्हात्रे ने ओपनिंग करते हुए अर्धशतक का आंकड़ा तो केवल 46 गेंद में पार कर लिया। इस दौरान नौ चौके वे लगा चुके थे। तब भारत का स्कोर 64 रन था। उनके और साई सुदर्शन के बीच पहले विकेट के लिए 22 ओवर में 90 रन की साझेदारी हुई। इनमें से 65 रन अकेले म्हात्रे के थे। मुंबई से आने वाले इस बल्लेबाज को पहली बार इंडिया ए टीम में चुना गया है। उनकी उम्र केवल 18 साल है और इंडिया अंडर 19 टीम के साथ हाल ही में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नाकाम रहे थे।

## खबर संक्षेप



### शानदार प्रदर्शन, जेमिमा और हरमनप्रीत : तेंदुलकर

**नवी मुंबई।** सचिन तेंदुलकर ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की जमकर तारीफ की है, जिसने महिला वनडे विश्व कप सेमीफाइनल में रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करके आस्ट्रेलिया पर यादगार जीत दर्ज की। तेंदुलकर ने जीत के बाद एक्स पर लिखा, 'शानदार जीत। शानदार प्रदर्शन जेमिमा रौड्रिग्स और हरमनप्रीत कौर। श्री चरणी और दीप्ति शर्मा ने गेंदबाजी से मैच को जीवंत बनाए रखा।' उन्होंने आगे लिखा,' तिरंगे का परचम लहराते रहो।' स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने लिखा ,'आस्ट्रेलिया जैसे दमदार विरोधी के खिलाफ हमारी टीम की शानदार जीत। जेमिमा का बड़े मैच में शानदार प्रदर्शन। दृढता, विश्वास और जुनून का असल प्रदर्शन। शानदार टीम इंडिया।'

### अंडर-16 में रोनाल्डो के बेटे ने किया डेब्यू

**अंताल्या।** सुपरस्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बड़े बेटे ने पुर्तगाल की अंडर 16 टीम के लिए पदार्पण किया।



क्रिस्टियानिन्हो के नाम से मशहूर पंद्रह वर्ष के क्रिस्टियानो डोस सांतोस को तुर्की के खिलाफ फेडरेशंस कप टूर्नामेंट के मैच में 90वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर उतारा गया। पुर्तगाल ने यह मैच 2-0 से जीता। सउदी अरब में अल नासर की युवा अकादमी के लिए खेलने वाले क्रिस्टियानिन्हो को पहले पुर्तगाल की अंडर 15 टीम में भी शामिल किया गया था।

### नार्थ कोस्ट ओपन के क्वार्टर फाइनल में रतिका

**नई दिल्ली।** भारत की रतिका एस सीलान आस्ट्रेलिया में नॉर्थ कोस्ट ओपन स्क्वाश के महिला वर्ग के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई।



सातवीं वरीयता प्राप्त तमिलनाडु की इस खिलाड़ी ने 6 हजार डॉलर ईनामी राशि के टूर्नामेंट में कीवी मैडेन ली को को प्री क्वार्टर फाइनल में 9-11 11-8 11-8 11-2 से हराया। अब वह तीसरी वरीयता प्राप्त हांगकांग की बोबो लैम से खेलेंगी। इस बीच अंडोरा में पीएसए चैलेंजर 12 पियरे और वाकांस टूर्नामेंट में तन्वी खन्ना को तीसरी वरीयता प्राप्त नूर खफागी ने क्वार्टर फाइनल में हराया।

### गोलकीपर फ्रेडरिक का निधन

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के पूर्व गोलकीपर और म्युनिख ओलंपिक 1972 की कांस्य पदक विजेता टीम के सदस्य मैनुअल फ्रेडरिक का बेंगलुरू में निधन हो गया।



वह 78 वर्ष के थे और उनके परिवार में दो बेटियां हैं । वह पिछले दस महीने से प्रोस्टेट कैंसर से जूझ रहे थे। केरल के कन्नूर में 20 अक्टूबर 1947 को जन्मे फ्रेडरिक ओलंपिक पदक जीतने वाले प्रदेश के पहले खिलाड़ी थे। उनके अलावा केरल से पीआर श्रीजेश ने तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता है और वह भी हॉकी गोलकीपर रहे हैं।

## आज से फिडे विश्व कप

# प्रज्ञानानंदा, अर्जुन और गुकेश करेंगे छाप छोड़ने की कोशिश



एजेंसी ▶▶| पणजी

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा शनिवार से शुरू हो रहे फिडे विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दोहराने की कोशिश करेंगे, जिसमें दुनिया की शीर्ष तीन रैंकिंग में काबिज खिलाड़ी अनुपस्थित रहेंगे। नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन के अलावा अमेरिका के हिकारु नाकामुरा और फैबियानो कारुआना की जोड़ी इस टूर्नामेंट में नहीं खेलेगी। विश्व चैंपियन गुकेश और अर्जुन एरिगेसी 20 लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगे। पर सबसे अहम चीज यह है कि इस टूर्नामेंट से 2026 फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए तीन क्वालीफिकेशन स्थान सुनिश्चित होंगे।

## एस्पेनयोल ने एटलेटिक लिडा को 2-1 से हराया

**मैड्रिड।** कोपा डेल रे के पहले दौर के मैचों के तीसरे दिन कोई बड़ा उलटफेर देखने को नहीं मिला। एक ओर एस्पेनयोल ने एटलेटिक लिडा को हराया, तो दूसरी तरफ लेवांटे ने जीत दर्ज की। एस्पेनयोल ने स्पेनिश खेल के चौथे टियर में खेलने वाली एटलेटिक लिडा के खिलाफ 2-1 से जीत दर्ज की। इस टीम के लिए दोनों गोल किके गार्सिया ने दागे। किके ने दूसरे मिनट में पेनाल्टी के साथ स्कोरिंग की शुरुआत की, लेकिन एटलेटिक लिडा ने एल्डो वन की बदौलत तीन मिनट बाद ही स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद किके ने हाफटाइम से ठीक पहले एस्पेनयोल को फिर से बढ़त दिलाई, लेकिन शीर्ष स्तर की टीम को अंतिम मिनटों में तनावभरे पलों का सामना करना पड़ा।

# उन्नति सेमीफाइनल में, लक्ष्य, जॉर्ज और आयुष का अभियान समाप्त

भाषा ▶▶| सारब्रेकन (जर्मनी)

भारतीय शटलरों के लिए शुक्रवार को हाइलो ओपन में दिन मिला-जुला रहा जिसमें उभरती हुई स्टार उन्नति हुड्डा सेमीफाइनल में पहुंच गईं लेकिन लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी और किरण जॉर्ज तीनों का अभियान पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में हार के साथ समाप्त हुआ। विश्व रैंकिंग में 34वें स्थान पर काबिज उन्नति ने चौथी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे की सियांग टी लिन को 47 मिनट में 22-20, 21-13 से हराकर उलटफेर किया जिससे भारतीय शटलर ने इस साल मई में मलेशिया मास्टर्स में इसी प्रतिद्वंद्वी से मिली हार का बदला ले लिया। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई पुत्री



कुसुमा वर्दानी और अजरबेजान की कीशा फातिमा अज्जाहरा के बीच होने वाले दूसरे क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा। सेन ने पुरुष एकल में फ्रांस के चौथे वरीय एलेक्स लैनियर के खिलाफ शुरुआती गेम हारने के बाद वापसी की, लेकिन अंततः एक घंटे 14 मिनट तक कड़ी टक्कर देने के बाद 17-21, 21-14, 15-21 से हार गए। इस सत्र में लैनियर के खिलाफ सेन की यह दूसरी हार थी, इससे पहले वह इसी महीने डेनमार्क ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी इसी फ्रांसीसी खिलाड़ी से हार चुके हैं। वहीं शेट्टी ने फिनलैंड के काल्ले कोलजोनेन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में बढ़त बनाई लेकिन 68 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 21-19, 12-21, 20-22 से हार गए। दिलचस्प बात यह है कि शेट्टी ने 2024 में इसी टूर्नामेंट में इसी प्रतिद्वंद्वी को हराया था। किरण जॉर्ज का अभियान भी क्वार्टरफाइनल में हारकर खत्म हो गया। वह दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी और दूसरे वरीय इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से 39 मिनट में 16-21, 10-21 से हार गए।



## थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी बोले

# नए युद्ध क्षेत्र में सैन्य ताकत के साथ-साथ बौद्धिक क्षमता भी जरूरी

हरिभूमि ब्यूरो नई दिल्ली

थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शुक्रवार को कहा कि युद्ध अब तेजी से संपर्क रहित होते जा रहे हैं। इसलिए इसके जवाब में सैन्य ताकत के साथ-साथ बौद्धिक क्षमता और नैतिक तैयारी की भी जरूरत है। यह बात उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर नई दिल्ली के मानेकशॉ केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि युवाओं की भूमिका थिंक टैंक, प्रयोगशालाओं और युद्धक्षेत्र जैसे अलग-अलग क्षेत्रों में होनी चाहिए। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी सेना के अधिकारियों, छात्रों और रक्षा विशेषज्ञों को संबोधित किया। यह कार्यक्रम सेना और रक्षा थिंक-टैंक सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज की ओर से 'चाणक्य डिफेंस डायलॉगः यंग लीडर्स फोरम' के तहत आयोजित हुआ। कार्यक्रम को कर्नल सोफिया कुरैशी ने भी संबोधित किया।

*नए आइडिया और इनोवेशन मुश्किल हालात से निकलते हैं*

*ज्यादा आराम और सुविधाएं दिमाग को सुस्त बना देती हैं*

### गलत सूचना बड़ी चुनौती



सेना और रक्षा थिंक-टैंक सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज की ओर से 'चाणक्य डिफेंस डायलॉग : यंग लीडर्स फोरम' में थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी।

जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने युवाओं को देश की सुरक्षा चुनौतियों और नए युद्ध क्षेत्र का केंद्र बताया। उन्होंने पारंपरिक दुश्मनी, आतंकवाद, प्रॉक्सी वॉर और अंदरूनी ताने-बाने को तोड़ने वाली 'गलत सूचना' को बड़ी चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि युद्ध अब तेजी से 'नॉन-काइनेटिक' और 'नॉन-कॉन्टैक्ट' होता जा रहा है। यानी बिना आमने-सामने आए, दिमाग, डेटा और तकनीक से दुश्मन को मात देने का समय है। इसके लिए सिर्फ हथियारों की ताकत ही नहीं, बल्कि बौद्धिक, तकनीकी और नैतिक तैयारी की भी जरूरत है।

### स्किल्ड ह्यूमन रिसोर्स हमारी ताकत

*थल सेनाध्यक्ष ने युवाओं से कहा कि ऐसे कई उदाहरण हैं जो साबित करते हैं कि उम्र कभी भी योगदान को सीमित नहीं करती। हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर में, आप में से कई लोग सक्रिय रूप से शामिल रहे होंगे। कुछ युवा मिलिट्री ऑफिसर हैं, कुछ एनसीसी कैडेट हैं, कुछ सिविल डिफेंस में हैं, कुछ ड्रोन लैब में हैं, और कुछ सोशल मीडिया वॉरियर्स हैं। हमारे स्किल्ड ह्यूमन रिसोर्स हमारी ताकत के सबसे बड़े साधनों में से एक हैं।*

### युवा भारत की ताकत

जनरल द्विवेदी ने कहा कि डिजिटली माहिर, सामाजिक रूप से जागरूक, और विश्व स्तर पर कनेक्टेड, वे अनुशासन और दिशा से निर्देशित होकर भारत की सबसे बड़ी ताकत हैं। यही जुनून और मकसद का मेल है। हम, वर्दी पहने हुए पुरुष और महिलाएं, टेक्नोलॉजी के क्षेत्र सहित सभी क्षेत्रों में आप पर निर्भर हैं। हर युवा देश की सुरक्षा मिशन का हिस्सा बन सकता है। चाहे यूनिफॉर्म पहनकर या बिना यूनिफॉर्म। टेक्नोलॉजी पर काम करो, नीतियां बनाओ, जागरूकता फैलाओ। उन्होंने आगे कहा कि देश के लिए कुछ करो।

### युवाओं को दी बड़ी सीख

सेना प्रमुख ने कहा कि अपनी जिम्मेदारी खुद तय करो। आज से ही शुरुआत करो। इसके लिए किसी और का इंतजार मत करो। कंफर्ट जोन से बाहर निकलो। नए आइडिया और इनोवेशन मुश्किल हालात से ही निकलते हैं। ज्यादा आराम और ज्यादा सुविधाएं दिमाग को सुस्त बना देती हैं। नेशनल सिक्योरिटी सिर्फ बॉर्डर पर नहीं होती। यह उन आम लोगों और युवाओं से भी जुड़ी है। जो देश के लिए जिम्मेदार बनते हैं और लापरवाही नहीं करते। सक्सेस मेहनत मांगती है। हर चुनौती को मौका समझो और उससे सीखो।

### युवा बड़े रिफॉर्म की थीम तय करेगा

सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि पहली बार, यूथ लीडर्स फोरम एक प्री-इवेंट के तौर पर आयोजित किया जा रहा है, खासकर देश के युवाओं के लिए, जो एक मजबूत, सुरक्षित और विकसित भारत को बदलने के लिए बड़े रिफॉर्म की थीम तय करेगा। भारत के इतिहास में कई हीरो हैं जो इसके युवा बेटों और बेटियों के साहस और पक्के इरादे का सबूत हैं।

### कई युद्धों में युवाओं ने बड़ी भूमिका निभाई

वहीं कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि आप वह पीढ़ी हैं जो एक विकसित भारत और तकनीकी रूप से संप्रभु राष्ट्र देखेंगी। इजराइल-हमास, रूस-यूक्रेन और अजरबैजान-आर्मेनिया जैसे संघर्षों में युवाओं ने बड़ी भूमिका निभाते दिखे हैं। युवाओं ने साइबर और सूचना जैसी तकनीक और कॉग्निटिव डोमेन में युद्ध नेतृत्व कर अपनी कौशल और ताकत का परिचय दिया है।

## खबर संक्षेप

### अस्पताल में भर्ती हुए 89 साल के अभिनेता धर्मेंद्र



**मुंबई।** बॉलीवुड के वेटरन अभिनेता धर्मेंद्र को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 89 वर्षीय अभिनेता के अस्पताल में भर्ती होने की खबर सामने आते ही फैंस चिंतित हो गए हैं। उनके करीबी पारिवारिक सूत्रों ने आश्वस्त किया किकोई गंभीर बात नहीं है और यह उम्र से संबंधित स्वास्थ्य संबंधी रुटीन जांच है। इस खबर ने उनके फैंस चिंतित हो गए हैं।

### विश्व की सबसे छोटी महिला ने किए रामलला के दर्शन



**अयोध्या।** महाराष्ट्र के नागपुर की 32 साल की ज्योति किशन आमगे गुरुवार को अपने परिवार के अयोध्या पहुंचीं। उन्होंने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। वे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड के अनुसार अपने आयु वर्गश्व की सबसे छोटी कद की महिला हैं। कोसी परिक्रमा मेले में आकर ज्योति काफी खुश दिखाई दे रही थीं।

## सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर पीएम मोदी बोले



# पटेल का भारत सुरक्षा और सम्मान से कभी भी 'समझौता' नहीं करेगा

हरिभूमि ब्यूरो नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर गुजरात के एकता नगर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ये लौहपुरुष सरदार पटेल का भारत है, जो सुरक्षा और सम्मान से कभी समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि यह गर्व और प्रेरणा का पल है। हमने संकल्प लिया है कि हम ऐसे कार्यों को बढ़ावा देंगे, जो देश की एकता को मजबूती दें। पीएम मोदी ने कहा कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती के ऐतिहासिक अवसर पर एकता नगर में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान हम सभी एक महान क्षण के साक्षी बन रहे हैं। देशभर में हो रही 'रन फॉर यूनिटी' में कोटि-कोटि भारतीयों का उत्साह है। हम नए भारत की संकल्प शक्ति को महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज सरदार पटेल की जयंती का दिन स्वाभाविक रूप से राष्ट्रीय एकता का महापर्व बन गया है। जिस तरह हम 140 करोड़ देशवासी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाते हैं, वैसे ही एकता दिवस का महत्व हमारे लिए प्रेरणा और गर्व का पल है।

देश की एकता को कमजोर करने वालों से दूरी बनाएं, ये राष्ट्रीय कर्तव्य

नेहरू ने कश्मीर को अलग संविधान और निशान से बांट दिया

### इतिहास बनाने के लिए मेहनत करें



*पीएम मोदी ने कहा कि सरदार पटेल मानते थे कि इतिहास लिखने में समय नहीं गंवाना चाहिए, हमें तो इतिहास बनाने के लिए मेहनत करनी चाहिए। उनकी ये भावना हमें उनकी जीवनगाथा में दिखाई देती है। सरदार साहब ने जो नीतियां बनाई, जो निर्णय लिए, उन्होंने नया इतिहास रचा। आजादी के बाद 562 रियासतों को साथ जोड़ने के असंभव कार्य को सरदार साहब ने संभव करके दिखाया। एक भारत-श्रेष्ठ भारत का विचार उनके लिए सर्वोपरि था।*

### देश की संप्रभुता को लेकर पूर्व की सरकारें गंभीर नहीं

कश्मीर का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि सरदार साहब ने देश की संप्रभुता को सबसे ऊपर रखा, लेकिन दुर्भाग्य से सरदार साहब के निधन के बाद के वर्षों में देश की संप्रभुता को लेकर तब की सरकारों में उतनी गंभीरता नहीं रही। एक ओर कश्मीर में हुई गलतियां, दूसरी ओर पूर्वोत्तर में पैदा हुई समस्याएं और देश में जगह-जगह पनपा नक्सलवाद-माओवादी आतंक, ये देश की संप्रभुता को सीधी चुनौतियां थीं, लेकिन उस समय की सरकारों ने सरदार साहब की नीतियों पर चलने की जगह रीढ़विहीन रवैये को चुना। इसका परिणाम देश ने हिंसा और रक्तपात के रूप में झेला।

### भारत में रह रहे हर घुसपैठिए को निकालेंगे

पीएम मोदी ने कहा कि अब देश ने पहली बार इस बड़े खतरे के खिलाफ भी निर्णायक लड़ाई लड़ने की ठानी है। लाल किले से मैंने 'डेमोग्राफी मिशन' का ऐलान किया। उन्होंने यह भी कहा कि ये लौहपुरुष सरदार पटेल का भारत है। ये अपनी सुरक्षा और सम्मान से कभी समझौता नहीं करेगा। राष्ट्रीय एकता दिवस पर संकल्प यह भी है कि हम भारत में रह रहे हर घुसपैठिए को निकालकर ही रहेंगे।

### कश्मीर पर कांग्रेस की गलती से देश दशकों तक जलता रहा

*पीएम मोदी ने कहा कि सरदार साहब चाहते थे कि जैसे उन्होंने बाकी रियासतों का विलय किया, वैसे ही कश्मीर का विलय हो, लेकिन, नेहरू जी ने उनकी वह इच्छा पूरी नहीं होने दी। कश्मीर को अलग संविधान और अलग निशान से बांट दिया गया। कश्मीर पर कांग्रेस ने जो गलती की थी, उसकी आग में देश दशकों तक जलता रहा। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की लचर नीतियों के कारण कश्मीर का एक हिस्सा पाकिस्तान के कब्जे में चला गया। पाकिस्तान ने आतंकवाद को हवा दी। राज्य प्रायोजित आतंकवाद की कश्मीर और देश को बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ी, लेकिन फिर भी कांग्रेस हमेशा आतंकवाद के आगे नतमस्तक रही।*

## आर्बिट्रेट इन इंडिया कॉनक्लेव 2025 में मेघवाल ने की घोषणा

# आर्बिट्रेशन को मजबूती देने को कानून में संशोधन का ऐलान




हरिभूमि ब्यूरो नई दिल्ली

कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने दो टूक कहा कि देश में आर्बिट्रेशन को मजबूती देने के लिए अब समय आ गया है जब कानून में संशोधन कर इसे मजबूती दी जाए ताकि लोगों को त्वरित और खर्च रहित न्याय समयबद्ध तरीके से मिलने में आसानी हो। कानून मंत्री देश के प्रतिष्ठित इंडियन डिस्प्यूट रिजॉल्यूशन सेंटर के तत्वावधान में आयोजित 'आर्बिट्रेट इन इंडिया कॉनक्लेव 2025' को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण को सबसे बडा और सबसे पुराना आर्बिट्रेटर बताते हुए कहा कि महाभारत की लड़ाई में भगवान श्रीकृष्ण ने आर्बिट्रेटर की भूमिका निभायी थी। वैसे ही हमारे देश के गांवों में पंच, सरपंच, मुखिया जैसे कई संस्थान हैं जो लंबे समय से छोटे मोटे मामलों को निपटाने का काम करते रहे हैं, वे भी एक तरह से आर्बिट्रेटर की भूमिका में हैं। केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि आर्बिट्रेशन एंड कॉन्सिलिएशन एक्ट, 1996 में जल्द ही संशोधन लाया जाएगा। सेक्शन 34 के तहत न्यायिक हस्तक्षेप को 'पेटेंट इल्लीगैलिटी' तक सीमित किया जाएगा। भारत 2028 तक आर्बिट्रेशन का वैश्विक हब बनेगा। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के सभी अनुबंधों में संस्थागत मध्यस्थता अनिवार्य होगी। 6 महीने में विवाद सुलझे, यही हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि देश को मजबूत वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) तंत्र की आवश्यकता है, जो अदालतों पर बोझ कम करे और आर्थिक आत्मविश्वास को मजबूत करे।

**सुप्रीम कोर्ट के जज मनमोहन ने कहा- संस्थागत आर्बिट्रेशन ही भविष्य है**

## नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

# सफल रहा कैलिब्रेशन फ्लाइट ट्रायल, जल्द शुरू होंगी उड़ानें

एजेंसी नई दिल्ली

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर पर हवाई परिचालन की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज हुई है। शुक्रवार को एयरपोर्ट के रनवे पर एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की कैलिब्रेशन फ्लाइट ने सफलतापूर्वक लैंडिंग की।

यह ट्रायल नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) की निगरानी में संपन्न हुआ। इस फ्लाइट ट्रायल के दौरान एयरपोर्ट के आईएलएस (इंटीग्रेटेड लैंडिंग सिस्टम), कम्युनिकेशन सिस्टम और नेविगेशन उपकरणों की बारीकी से जांच की गई। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की विशेष टीम ने इस प्रक्रिया को अंजाम दिया।



सफल ट्रायल के बाद नोएडा एयरपोर्ट के अधिकारियों की टीम

### डीजीसीए की टीम ने मानकों को परखा

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का पहला चरण अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। आने वाले महीनों में यहां वाणिज्यिक उड़ानों की शुरुआत होने की उम्मीद जताई जा रही है। ऐसे में यह कैलिब्रेशन फ्लाइट ट्रायल एयरपोर्ट की तैयारियों की एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित हुआ है। डीजीसीए की टीम ने इस दौरान विभिन्न तकनीकी मानकों और सिग्नल की सटीकता को परखा। यह सुनिश्चित किया गया कि रनवे पर विमानों के टेकऑफ और लैंडिंग के दौरान सभी सिस्टम सुरक्षित और सुचारू रूप से कार्य करें।

## अब सांसें बताएंगी आपको कैंसर तो नहीं

# दुनिया के पहले 'ब्रीदिंग टेस्ट' से लाखों लोगों की बचेगी जान

एजेंसी नई दिल्ली

अग्नाशय कैंसर के बढ़ते जोखिमों को देखते हुए समय रहते इसका पता लगाने के लिए दुनिया का पहला सबसे सस्ता श्वसन परीक्षण विकसित किया है, जो हजारों लोगों की जान बचा सकता है। साल 2022 के आंकड़ों के मुताबिक इस साल लगभग 2 करोड़ नए मामले सामने आए व 97 लाख से अधिक लोगों की मौत हो गई। नए मामलों के हिसाब से फेफड़े, स्तन और कोलोरेक्टल कैंसर सबसे आम हैं। इतना ही नहीं फेफड़ों का कैंसर इस रोग से होने वाली मौतों का प्रमुख कारण भी है। अनुमान बताते हैं कि साल 2050 तक नए मामलों की वार्षिक संख्या बढ़कर 3.5 करोड़ तक पहुंच सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ



कहते हैं, खराब लाइफस्टाइल, बढ़ता माइक्रोप्लास्टिक, खानपान में गड़बड़ी और मोटापे ने कैंसर के जोखिमों को काफी बढ़ा दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और अंतरराष्ट्रीय कैंसर अनुसंधान एजेंसी के हालिया आंकड़ों के अनुसार हर साल करीब 1 करोड़ लोगों की मौत कैंसर के कारण हो सकती है। लेकिन, अब विशेषज्ञों का कहना है कि एक सस्ते श्वास परीक्षण से हर साल हजारों लोगों की जान बचाई जा सकती है।

## तीनों सेनाओं को बड़ा युद्धाभ्यास 'त्रिशूल 2025' शुरू




**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** भारत ने गुरुवार से अपने तीनों सैन्य बलों – थलसेना, नौसेना और वायुसेना – के साथ मिलकर 'त्रिशूल 2025' नाम का एक बहुत बड़ा युद्ध अभ्यास शुरू किया है। यह अभ्यास गुजरात और राजस्थान के इलाकों में हो रहा है। अभ्यास 10 नवंबर तक चरणबद्ध तरीके से चलेगा। मुख्य गतिविधियां गुजरात के कच्छ क्षेत्र में केंद्रित हैं, जो पाकिस्तान के साथ सर क्रीक सीमा के पास एक संवेदनशील जगह है। अभ्यास में थलसेना टी–90 टैंक, ब्रह्मोस और आकाश मिसाइल सिस्टम, साथ ही प्रचंड अटैक हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल कर रही है। वायुसेना राफेल और सुखोई सु–30 लड़ाकू विमान, सी गार्जियन और हेरॉन ड्रोन का उपयोग करेगी। नौसेना कोलकाता–क्लास डेस्ट्रॉयर, नीलगिरी–क्लास फ्रिगेट और तेज हमला करने वाली नावें समुद्री अभ्यास में शामिल होंगी।

## आत्मनिर्भर भारत की नई उड़ान, एलएंडटी और जीए-एएसआई ने मिलाया हाथ

# भारत में बनाई जाएंगी अत्याधुनिक मानवरहित विमान प्रणाली

एजेंसी नई दिल्ली

लार्सन एंड टूब्रो यानी एलएंडटी और अमेरिका की जनरल एटॉमिक्स एयरोनॉटिकल सिस्टम्स इंक यानी जीए-एएसआई ने मिलकर एक रणनीतिक पार्टनरशिप का ऐलान किया है। ये दोनों कंपनियां अब भारत में मीडियम ऑल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस (एमएएलई) रिमोटली पाइलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम्स (आरपीएएस) बनाएंगी, जो भारतीय सेना के लिए होंगे। आसान शब्दों में अत्याधुनिक मानवरहित विमान प्रणाली का निर्माण करेंगी। ये हाई टेक ड्रोन जो ऊंचाई पर घंटों उड़कर निगरानी करते हैं और जरूरत पड़े तो हमला भी कर सकते हैं, अब पूरी तरह भारत में ही बनेंगे।

*ड्रोन घंटों तक उड़ने में सक्षम निगरानी करेंगे*

*जरूरत पड़ने पर दुश्मन पर हमला भी करेंगे*



जीए–एएसआई कंपनी का एमक्यू–9बी श्रृंखला वाला ड्रोन

### एलएंडटी रक्षा मंत्रालय के कार्यक्रम में लेगी हिस्सा

कंपनी ने बयान में कहा कि इस गठजोड़ के तहत एलएंडटी की इंजीनियरिंग, सटीक विनिर्माण और डिफेंस-एयरोस्पेस सेक्टर में सिस्टम इंटीग्रेशन की विशेषज्ञता व जीएएएसआई की परिचालन क्षमता का उपयोग किया जाएगा। कंपनी ने कहा कि इस साझेदारी के तहत एलएंडटी रक्षा मंत्रालय के आगामी 87 एमएएलई आरपीएएस कार्यक्रम में भाग लेगी, जहां एलएंडटी प्रमुख बोलीदाता होगी और जीए-एएसआई प्रौद्योगिकी साझेदार होगी।

### एमक्यू-श्रृंखला आरएपीएस का उत्पादन संभव

इस सहयोग से जीए-एएसआई के एमक्यू-श्रृंखला आरएपीएस का उत्पादन संभव हो सकेगा, जो युद्ध में सिद्ध हैं। ये विमान विश्व भर में व्यापक रूप से कार्यरत हैं व निगरानी और हमले के अभियानों में लाखों घंटे उड़ान भर चुके हैं। एलएंडटी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एसएन सुब्रह्मण्यन ने कहा कि यह साझेदारी भारत को स्वदेशी रूप से अत्याधुनिक मानवरहित प्लेटफार्मों के निर्माण का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है। यह गठबंधन भारत की रक्षा क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा।

## भारतीय विरासत का मनाया जश्न

# इजराइल में भारतीय फिल्म महोत्सव शुरू, दिखाई जाएंगी 6 मशहूर फिल्में

एजेंसी नई दिल्ली

भारतीय दूतावास ने हाइफा नगर पालिका के साथ मिलकर गुरुवार को फिल्म महोत्सव का उद्घाटन समारोह आयोजित किया। यहां 200 से ज्यादा लोगों ने भारतीय फिल्म महोत्सव के उद्घाटन में हिस्सा लिया। इस मौके पर छह फिल्मों का प्रदर्शन हुआ जिसके जरिए भारतीय सिनेमा की विरासत का जश्न मनाया गया। भारतीय दूतावास ने इस वर्ष फरवरी में एक फिल्म महोत्सव का आयोजन किया था। इसे भारत के प्रति उत्साही लोगों ने सराहा था। इसके बाद दूसरे संस्करण का आयोजन



'पद्मावत' फिल्म का एक दृश्य

किया गया। इजराइल फिल्म निर्माता, डैन वोलमैन ने इस महोत्सव को एक अहम पहल बताया। महोत्सव के तहत इजराइल के कई हिस्सों में भारत की फिल्में दिखाई जाएंगी। दो हफ्ते के इस आयोजन के दौरान हाइफा, तेल अवीव और दिमोना में पद्मावत, गंगूबाई काठियावाड़ी, जवान, दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25